संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-142 शनिवार, 23 मार्च 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबर

### मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव को मिली जमानत



#### खुशी से झूम उठे फैंस

**नई दिल्ली,22 मार्च 2024(ए)।** मशहूर यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी 2 के विनर एल्विश यादव सांप और सांपों के जहर की खरीद-फिरोख्त मामले में फंसे हैं। शुक्रवार को उनकी जमानत पर,एनडीपीएस की लोअर कोर्ट में सुनवाई हुई. कोर्ट से एल्विश को 50-50 हजार के बेल बॉन्ड पर जमानत मिली है। 5 दिन बक्सर जेल में काटने के बाद अब वो घर लौटेंगे। ये खबर सुनते ही एल्विश आर्मी के बीच जश्न का माहौल है।

# शराब मामले में केजरीवाल की सुनवाई हुई पूरी

» फैसला सुरक्षित,वकीलों की दलीलें पूरीं...

» गिरफ्तारी के खिलाफ विपक्ष के नेता चुनाव आयोग पहुंचे...

**नई दिल्ली,22 मार्च 2024 (ए)।** दिल्ली शराब नीति केस में पीएमएलए कोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिमांड पर किसी भी वक्त फैसला सुना सकता है। 3 घंटे की सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा लिया है। इससे पहले केजरीवाल को शुक्रवार दोपहर 2 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई दोपहर 2.15 बजे शुरू होकर शाम 5.15 बजे तक चली। इस दौरान ईडी ने 6 दिन की रिमांड पर रखी। साथ ही सीएम को इस मामले का मास्टरमाइंड बताया। साथ ही दावा किया कि इस केस से जुड़े कई सारे इलेक्ट्रॉनिक सबूत मिटाए गए। कई सारे फोन तोड़े गए हैं। केजरीवाल दिल्ली शराब नीति को बनाने में सीधे तौर पर शामिल थे। दो बार कैश ट्रांसफर किया गया। पहले 10 करोड़ और फिर 15 करोड़ दिए गए। केजरीवाल पंजाब और




गोवा चुनाव के लिए फंडिंग चाहते थे। गोवा चुनाव में 45 करोड़ रुपए इस्तेमाल हुआ।

केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ईडी के पास सब कुछ है, तो गिरफ्तारी की जरूरत क्यों पड़ी? 80 प्रतिशत लोगों ने केजरीवाल का नाम नहीं बताया। उन्होंने यह भी नहीं कहा कि वे उनसे कभी मिले भी थे। ईडी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल राजू ने तो अरविंद केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी, विक्रम चौधरी और रमेश गुप्ता ने दलीलें रखीं। इस बीच विपक्ष के नेताओं ने चुनाव आयोग से मुलाकात की। केजरीवाल को 21 मार्च को सीएम हाउस से गिरफ्तार किया गया था। उनकी रात ईडी की लॉकअप में कटी।इससे पहले केजरीवाल अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुबह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस एमएम सुंदरेश की बेंच के सामने कुछ ही देर बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से अर्जी वापस लेने की गुजारिश की।केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट से कहा- ट्रायल कोर्ट में रिमांड की कार्यवाही सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के साथ टकरा रही है इसलिए उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाए। ट्रायल कोर्ट में हम पहले रिमांड प्रोसीडिंग पर लड़ेंगे और फिर एक और याचिका के साथ सुप्रीम कोर्ट आएंगे।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के आईटीओ में प्रदर्शन किया। दिल्ली सरकार के दो मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान केजरीवाल के परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे हैं।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अन्ना हजारे का बड़ा बयान

### उनके अपने कर्मों के कारण हुई गिरफ्तारी



जिन सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे के आंदोलन में शामिल होकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय परिदृश्य में आए थे, आज वहीं उनके विरोध में नजर आ रहे हैं. अन्ना हजारे ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को उनके अपने कर्मों का फल' बताया है.

अन्ना हजारे ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के अहमदनगर में समाचार एजेंसी से चर्चा में कहा कि यह विश्वास करना कठिन है कि जो व्यक्ति कभी शराब के खिलाफ आवाज उठाता था, वह अब धन शोधन के लिए शराब नीतियां ला रहा है. उन्होंने कहा, मैं इस बात से बहुत परेशान हूं कि अरविंद केजरीवाल, जो कभी मेरे साथ काम करते थे, शराब के खिलाफ आवाज उठाते थे, और अब शराब नीतियां बना रहे हैं. उनकी गिरफ्तारी उनके अपने कर्मों के कारण हुई है

## शरद पवार ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कहा,इससे आप को होगा फायदा



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा की और कहा कि आम आदमी पार्टी लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी। शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए, शरद पवार ने कहा कि आप देख रहे हैं कि कैसे केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी दलों और उनके नेताओं के खिलाफ किया जा रहा है। उन्होंने सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी की आलोचना की।

# एयर इंडिया पर लगा 80 लाख का जुर्माना

## क्रू सेफ्टी गाइडलाइंस का उल्लंघन करने पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली,22 मार्च 2024(ए)।** विमानन नियामक डीजीसीए ने उड़ान ड्यूटी के समय पाबंदियों से जुड़े मानकों के उल्लंघन के लिए एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना उड़ान सेवा अवधि सीमित करने और चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया।



नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जनवरी में एयर इंडिया का मौके पर ऑडिट किया था. इस दौरान जमा किए गए सबूतों के आधार पर ये फैसला किया गया है।एक बयान में कहा गया, रिपोर्टों और सबूतों के विश्लेषण से पता चला कि मेसर्स एयर इंडिया लिमिटेड ने कुछ मामलों में 60 साल से अधिक उम्र के दोनों फ्लाइट क्रू के साथ उड़ानें संचालित कीं, जो विमान नियम, 1937 के नियम 28ए के उप नियम (2) का उल्लंघन है।बयान के मुताबिक एयरलाइन ने चालक दल को पर्याप्त साप्ताहिक आराम तथा लंबी उड़ानों से पहले और बाद में पर्याप्त आराम देने में कोताही बरती।ऑडिट के दौरान ड्यूटी अवधि से अधिक होने, गलत तरीके से मार्क प्रशिक्षण रिकॉर्ड और ओवरलैपिंग ड्यूटी आदि के उदाहरण भी देखे गए।वॉचडॉग ने कहा, ऑपरेटर द्वारा पेश गैर-संतोषजनक जवाब के अनुसार, ऑपरेटर पर 80,00,000 रुपये (अस्सी लाख रुपये) का जुर्माना लगाया गया है।वॉचडॉग ने कहा कि वो भारत में नागरिक उड्डयन क्षेत्र में सुरक्षा के उच्चतम स्तर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और ये कार्रवाई उसकी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

# तीन राज्यों में बीजेपी के नए चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारी का ऐलान




### छत्तीसगढ़ में बड़ी भूमिका निभाने वाले सिद्धार्थ नाथ सिंह को इस राज्य की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली,22 मार्च 2024(ए)।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए तीन राज्यों में नए चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारी की नियुक्ति का ऐलान किया है। ये सभी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव बड़ी भूमिका निभाने वाले सिद्धार्थ नाथ सिंह को आंध्र प्रदेश का सह-प्रभारी बनाया गया है।

#### इन्हें मिला यहां का प्रभार

पार्टी ने डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे को राजस्थान का चुनाव प्रभारी बनाया है। जबकि वहीं विजया रहाटकर और पश्चिम दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा को राजस्थान का चुनाव सह-प्रभारी बनाया है। राजस्थान प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया को हरियाणा का चुनाव प्रभारी बनाया है। राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर हरियाणा के चुनाव सह-प्रभारी बनाए गए हैं। पार्टी के राज्यसभा सांसद अरुण सिंह आंध्र प्रदेश के चुनाव प्रभारी बनाए गए हैं.

# मनी लॉन्ड्रिंग पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगाई फटकार

### गिरफ्तारी का लिखित में देना होगा आधार

**नई दिल्ली,22 मार्च 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले पर पुनर्विचार की मांग करने वाली केंद्र सरकार की याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि उसके फैसले में कोई त्रुटि नहीं है, ताकि उस पर पुनर्विचार किया जाए। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि ईडी को बिना किसी अपवाद के किसी आरोपित की गिरफ्तारी का आधार लिखित रूप में देना होगा।जस्टिस एएस बोपन्ना और संजय कुमार की पीठ ने चैंबर में पुनर्विचार याचिका पर विचार किया और आदेश पारित किया। पीठ ने कहा कि हमने पुनर्विचार याचिका और संबंधित दस्तावेज का सावधानी पूर्वक अध्ययन किया है। हमें पुराने आदेश में ऐसी कोई त्रुटि नहीं मिली, जो बहुत कम स्पष्ट हो और जिस पर पुनर्विचार की आवश्यकता हो। इसलिए पुनर्विचार याचिका खारिज की जाती है।



# लालू यादव की दोनों बेटियां भी लड़ेंगी लोकसभा चुनाव

» रोहिणी बोलीं-जनता के आदेश पर आई हूं...

» छपरा से लड़ेंगी चुनाव...

» मीसा भारती नहीं छोड़ेंगी पाटलिपुत्र

**पटना,22 मार्च 2024 (ए)।** लालू यादव की दो बेटियां लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही हैं। अपनी एक किडनी डोनेट कर पिता को नई जिंदगी देने वाली रोहिणी आचार्य अब लालू की राजनीतिक विरासत संभालने के लिए तैयार हैं। सबकुछ ठीक रहा तो वह छपरा (सारण) से चुनाव मैदान में उतरेंगी। लालू की बड़ी बेटी मीसा भारती पाटलिपुत्र सीट पर फिर चुनाव लड़ेंगी।

सूत्रों के मुताबिक, रोहिणी को पिछले एक महीने से छपरा, काराकाट, पश्चिमी चंपारण, मधेपुरा और पाटलिपुत्र जैसी सीटों से चुनाव लड़ने का ऑफर आया हुआ है। खुद लालू यादव बेटी को चुनाव लड़ाने के इच्छुक हैं और इसकी जानकारी रोहिणी आचार्य को भी दे दी गई है।

कई दौर की बात, सीट लालू फाइनल करेंगे



रोहिणी भी चुनाव लड़ना चाहती हैं, लेकिन पारिवारिक मजबूरियों की वजह से वो पशोपेश में हैं। वह खुलकर कुछ कह नहीं पा रही हैं। इसको लेकर उनके पति और लालू परिवार में कई दौर की बात भी हो चुकी है। ससुराल से चुनाव लड़ने की हरी झंडी भी मिल चुकी है। हालांकि लालू यादव ने रोहिणी के लिए सीट अभी फाइनल नहीं की है, लेकिन रोहिणी छपरा सीट से चुनाव लड़ना चाहती हैं। छपरा लालू यादव की कर्म भूमि है और रोहिणी भी अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत वहीं से करना चाहती हैं। हालांकि, सीट का फैसला लालू यादव करेंगे, लेकिन चुनाव लड़ने का अंतिम फैसला खुद रोहिणी को ही करना है। लालू-राबड़ी और तेजस्वी भी रोहिणी को चुनाव लड़ने के लिए हौसला बढ़ा रहे हैं। रोहिणी सिंगापुर में रहती हैं, लेकिन बिहार की राजनीति में सोशल मीडिया के जरिए लगातार बयान देती रहती हैं। उन्होंने भास्कर से बातचीत में कहा कि लोग राजनीति चुनते हैं, लेकिन राजनीति ने उन्हें चुना है।

# तेजस्वी सूर्या की बढ़ी मुश्किलें

### इस मामले में दर्ज हुई एफआईआर

**बेंगलुरु,22 मार्च 2024 (ए)।** चुनाव आयोग के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि सोशल मीडिया पर कथित नफरत भरे पोस्ट को लेकर बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कदम चुनाव निकाय और बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के अधिकारियों द्वारा दायर एक शिकायत के बाद उठाया गया है।तेजस्वी सूर्या बेंगलुरु दक्षिण से सांसद हैं और भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने पिछले दिनों एक पोस्ट में कथित तौर पर एक अल्पसंख्यक को निशाना बनाया था और दो समुदायों के बीच दुश्मनी फैलाई थी। उन्होंने 19 मार्च को एक्स और यूट्यूब पर भी ऐसी ही पोस्ट की थी, जिसे 10 लाख व्यूज, 587 कमेंट्स, 5400 रीट्वीट और 13 लाइक्स मिले थे।इस मामले में आगे आरोप लगाया गया कि एक्स पर उनके 13 लाख फॉलोअर्स हैं, जिससे वे मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं और समुदायों के बीच सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ रहे हैं। शिकायत के आधार पर 20 मार्च को हलासुरू गेट पुलिस स्टेशन में धारा 153ए, 295ए और लोक प्रतिनिधित्व एक्ट के तहत हलासूरु गेट पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है।



# पत्नी का मांग नहीं भरना पति के खिलाफ क्रूरता की निशानी

### फैमिली कोर्ट से पति को मिली राहत,दिया ये आदेश

**इंदौर,22 मार्च 2024 (ए)।** हिंदू धर्म में एक विवाहित स्त्री अपने पति की लंबी उम्र के लिए मांग में सिंदूर भरती है। इसका धार्मिक महत्व भी है। हालांकि आज की टेक-सेवी जनरेशन पुराने रति-रिवाजों को कम ही मानती है। इंदौर में ऐसा ही एक मामला फैमिली कोर्ट के पास आया। कोर्ट में पत्नी का मांग में सिंदूर नहीं भरने को पति के लिए एक तरह की क्रूरता बताया। साथ ही महिला को अपने पति के पास वापस जाने का आदेश दिया। फैमिली कोर्ट ने पति के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बिना किसी कारण पति से अलग रह रही पत्नी को वापस लौटने का आदेश दिया। कोर्ट ने 11 पेज में अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि पति ने पत्नी को नहीं छोड़ा है बल्कि वह खुद अपनी मर्जी से अलग रह रही है और उसने मांग में सिंदूर लगाना बंद कर दिया है। पति ने पत्नी को वापस बुलाने के लिए कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। पति ने याचिका में कहा था कि पत्नी पिछले पांच साल से बिना किसी कारण अलग रह रही है।



कोर्ट में सुनवाई के दौरान महिला अलग रहने का कोई कारण नहीं दे पाई। दोनों पिछले पांच साल से अलग रह रहे हैं। पति ने हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 9 के तहत दांपत्य संबंधों को सुधारने के लिए याचिका दायर की थी। महिला ने जज के पूछने पर कोर्ट को बताया कि वह अलग रहने की वजह से मांग नहीं भरती है। कोर्ट में जब महिला बयान देने आई उस समय भी उसने सिंदूर नहीं लगाया था। पत्नी ने पति पर दहेज मांगने, नशा करने और परेशान करने के आरोप लगाए थे। सारी दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने महिला को पति के पास लौटने का आदेश दिया। मामले पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए माना की पति ने पत्नी का त्याग नहीं किया है। दोनों के बीच तलाक नहीं हुआ है।

# पुल के गिरने से एक की मौत,40 लोगों के दबे होने की आशंका

**सुपौल,22 मार्च 2024 (ए)।** बिहार के सुपौल जिले में आज सुबह बड़ा पुल हादसा हो गया। इस हादसे में एक की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए हैं। इस दुर्घटना के बाद मौके पर राहत-बचाव कार्य की टीम और पुलिस की टीम पहुंच गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। सुपौल में बन रहे बकौर निर्माणाधीन पुल का बड़ा हिस्सा गिर जाने की वजह से यहां अफरा-तफरी मच गई। आपको बता दें कि यह देश का सबसे बड़ा निर्माणाधीन पुल है। जानकारी के अनुसार, पुल का पिलर संख्या 50,51,52 का गार्टर गिर गया गया है, जिस वजह से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी लोगों को निकाल लिया गया है।1200 करोड़ की लागत से इस पुल का निर्माण किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार, 40 लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। किसी के हताहत होने की सूचना अभी तक नहीं है। पुल के इस तरह गिरने के बाद लोग अब इसकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठा रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।



इस घटना के बाद कंपनी के लोग मौके से गायब हो गए हैं। इस पुल के निर्माण का कांट्रैक्ट ट्रांस रेल कंपनी के पास है। इसको भारत माला प्रोजेक्ट के तहत तैयार किया जा रहा था। इस ब्रिज की लंबाई 10.5 किलोमीटर है। सुपौल के पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है।

# 25 मार्च को होगा इस साल का पहला चंद्र ग्रहण

### इन जगहों पर दिखाई देगा प्रभाव

**नई दिल्ली,22 मार्च 2024 (ए)।** मार्च के महीने में साल का पहला चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। यह चंद्र ग्रहण 25 मार्च को लगेगा। इसी दिन होली का त्योहार भी है। वैसे तो चंद्र ग्रहण एक भौगोलिक घटना है, लेकिन ज्योतिष की दृष्टि से इसे बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि पूर्णिमा की रात राहु और केतु चंद्रमा को निगलने की कोशिश करते हैं, इसलिए चंद्रमा पर ग्रहण लगता है। ग्रहण की घटना को शुभ नहीं माना जाता है. इसका असर सभी राशियों पर पड़ता है। ग्रहण के दौरान कई तरह की नकारात्मक शक्तियां भी प्रबल हो जाती हैं, जिससे हमारे आसपास की हर चीज प्रभावित होती है।

#### चंद्र ग्रहण का समय

साल का पहला चंद्र ग्रहण 25 मार्च को लगेगा। यह एक उपच्छाया चंद्र ग्रहण है, जिसे भारत में नहीं देखा जा सकेगा। यह चंद्र ग्रहण 25 मार्च को सुबह 10 बजकर 23 मिनट से शुरू होगा, जो दोपहर 03 बजकर 02 मिनट तक रहेगा।



#### होली त्योहार पर नहीं पड़ेगा प्रभाव

चंद्र ग्रहण का सूतक काल ग्रहण के समय से 9 घंटे पूर्व ही प्रारंभ हो जाता है, लेकिन इस चंद्र ग्रहण को भारत में नहीं देखा जा सकेगा, जिस कारण से इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा. साथ ही इसका प्रभाव भी होली के त्योहार पर नहीं होगा,इसलिए आप बिना किसी चिंता के होली का त्योहार मना सकते हैं।

#### कहां दिखेगा पहला चंद्र ग्रहण?

25 मार्च को होली पर लगने वाले पहले चंद्र ग्रहण को आयरलैंड, इंग्लैंड, स्पेन, पुर्तगाल, हॉलैंड, बेल्जियम, नार्वे, स्विट्जरलैंड, इटली, जर्मनी, फ्रांस, अमेरिका, जापान, रूस, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, प्रशांत, अटलांटिक, आर्कटिक और अंटार्कटिका के हिस्सों में देखा जा सकेगा।

# आम चुनाव-2024:सरोकारी माहौल जरूरी

भारतीय जनतंत्र में राजनीतिक दलों, मीडिया और मतदाताओं के लिए आम चुनाव एक महत्वपूर्ण संदर्भ होता है। पिछले दिनों चुनाव के बारे में राजनीतिक दलों और नागरिक समाज का दृष्टिकोण अलग-अलग हो गया है।एक तरफ दल चुनाव को सत्ता की सीढ़ी मानकर इसे जीतने के लिए हर तरह के प्रयास कर रहे हैं, दूसरी तरफ नागरिक समाज में चुनाव में बढ़ रही समस्याओं को लेकर खास तरह का अविश्वास भाव बन रहा है। नागरिक समाज का आग्रह है कि चुनाव व्यवस्था में सुधार किए जाएं और सुधारों की एक लंबी सूची बनती जा रही है। सबसे बड़ा दोष धन शक्ति का बढ़ता प्रभाव था। आधी शताब्दी पहले लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने इसे संबोधित किया था। आज पीछे मुड़कर देखने पर लगता है कि मोरारजी देसाई की सरकार द्वारा जयप्रकाश नारायण के सुझावों की अनदेखी से एक बड़ी बीमारी की शुरुआत हो गई।इस समय हर तरफ आम सहमति है कि हमारी चुनाव व्यवस्था के तीन बहुत बड़े दोष हैं। पहला, लोक शक्ति को धन शक्ति ने पराजित कर दिया है, दूसरा, मतदाताओं को सेवा और संगठन के जरिए प्रभावित करने की बजाय सभी दल मीडिया के माध्यम से प्रभावित करने का सहारा लेने लगे हैं, और तीसरा, कई जगहों पर चुनावों के मौके पर असामाजिक तत्वों की भूमिका उल्लेखनीय हो जाती है। कुछ दल तो असामाजिक तत्वों को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाने में बड़ी शान समझने लगे हैं। सबका विवरण एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स जैसे निर्दलीय नागरिक मंचों द्वारा बराबर सामने आने से अजीब किस्म का असमंजस पैदा हो गया, वोट देने जाएं या न जाएं !क्या हमारा वोट एक उचित प्रतिनिधि का चयन करने में समाज की मदद करेगा ! क्याचुने गए लोग जनप्रतिनिधि हैं, या धन शक्ति के प्रतीक हैं! ऐसी और भी कई बातें हर चुनाव के बाद सामने आने लगी हैं। इसीलिए इस बार के आम चुनाव में नागरिक समाज की भूमिका के बारे में सावधानी की जरूरत है। हमें अच्छी तरह से याद है कि इमरजेंसी के दौर में चुनाव को एक साल के लिए आगे बढ़ा दिया गया था तो सारा देश खुली जेल जैसा होने लगा था। किसी की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। गैर-संवैधानिक शक्ति केंद्रों ने सिर उठा लिए थे। प्रधानमंत्री सचिवालय से लेकर थाने के स्तर तक हर तरफ गैर-संवैधानिक ताकतों का बोलबाला हो गया। उस समय यानी 1976 में पूरे देश से एक ही मांग आ रही थी कि चुनाव समय पर और ठीक से कराए जाएं। चुनाव का महत्त्व निर्विवाद है। तमाम दोषों के बावजूद अभी भारतीय जनतंत्र के पास सत्ता के संचालन के लिए, देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए चुनाव के अलावा कोई विकल्प नहीं है। प्रशासन के संचालन के लिए




हमने उम्मीदवारों का मूल्यांकन करने वाली परीक्षाओं का इंतजाम किया है। उसमें लाखों विद्यार्थी बनते हैं, और कुछ सौ चुने जाते हैं। जिनको पुलिस, प्रशासन, विदेश नीति आदि की जिम्मेदारी दी जाती है। विधानमंडल को चलाने के लिए, संसद का संचालन करने के लिए हमारे जनप्रतिनिधि कैसे चुने जाएं, इस प्रक्रिया को चुनाव के माध्यम से पूरा करना लगातार कठिन होता जा रहा है। लगता है कि पूरी गंगा मैली हो गई है।इसलिए लोकतंत्र को बचाए रखने के अब दो ही रास्ते बचे हैं-या तो हम चुनाव के दिन अपने-अपने घरों में बैठ जाएं। मानकर चलें कि चुनाव से कुछ नहीं होगा। दूसरा उपाय है कि चुनाव के हर मोड़ पर यानी चुनाव की घोषणा, घोषणा-पत्रों की तैयारी, प्रतिनिधियों का चयन और प्रचार का तंत्र; हर स्तर पर सक्रिय निगरानी करें, सक्रिय भागीदारी करें और सक्रिय योगदान करें। बहुत पहले राहुल सांकृत्यायन ने कहा, भागो नहीं, दुनिया को बदलो।' आज लोकतंत्र जिस नाजुक मोड़ पर खड़ा है, उसमें भागने से तो सुधार नहीं होना। बदलने से शायद सुधार हो। वैसे भी, लोकतंत्र की लोकप्रियता सारी दुनिया में घट रही है। दुनिया में जिन देशों का नाम लोकतंत्र के निर्माताओं के रूप में लिया जाता है, वहां चुनाव के जरिए अलोकतांत्रिक जमातें और ताकतें सत्ता में आ रही हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप से रूस में ब्लादीमिर पुतिन तक के नाम लिए जा सकते हैं। इसलिए 2024 का लोक सभा चुनाव अगले पांच साल की दिशा तय करेगा।नागरिक समाज का क्या अर्थ है! असल में ये वे लोग हैं, जो सरोकारी नागरिक हैं। संविधान प्रदत्त नागरिक कर्त्तव्य सूची को सम्मान देते हैं और चुनाव के अलग समाज की समस्याओं को सुलझाने में सार्थक और रचनात्मक योगदान करते हैं। समाज के वास्ताविक मुद्दे अब दलों की दिलचस्पी के मुद्दे नहीं रह गए। इसका मतलब यह नहीं है कि समाज को इन मुद्दों पर हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। उसी जरूरत को पूरा करने वाले संगठन अपने छोटे समूहों के माध्यम से इन सवालों को सुलझाने में लगे हैं। यह भारतीय लोकतंत्र का महत्त्वपूर्ण पक्ष है। आम समझ है कि लोकतंत्र चार खंभों पर खड़ी इमारत है और चार खंभे हैं- विधानमंडल, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया। लेकिन असल में इस इमारत के तीन खंभे और हैं, जो भारत के लोकतंत्र को बचाए रखने और संवर्धित करने में योगदान करते हैं। उन तीन खंभों में एक है राजनीतिक दल, दूसरा है विविद्यालय आदि शिक्षा एवं ज्ञान केंद्र। और तीसरा है, नागरिक समाज। यह सातवां खंभा आज बहुत मजबूत है।इसमें यह भाव नहीं है सत्ता हमारे पास आए, बल्कि यह प्रयास है कि सत्ता योग्य व्यक्तियों के हाथों में जाए। वैसे तो कोई भी सत्ता किसी का दखल पसंद नहीं करती, लेकिन मौजूदा सत्ता संचालक नागरिकों की पहलों को एकदम नापसंद करते हैं। इसलिए काशी से लेकर कलकत्ता तक नागरिक समाज पर ग्रहण लगा हुआ है। आशा करनी चाहिए कि तमाम बाधाओं के बावजूद सक्रिय और सरोकारी नागरिक परस्पर सहयोग का वातावरण बनाकर चुनाव को शुद्ध बनाने, प्रदूषणमुक्त बनाने और निर्मल बनाने के लिए घोषणा-पत्र निर्माण, उम्मीदवारों के चयन, प्रचार की रणनीति और मतदान का पक्ष-सबकी निगरानी करेंगे, सबमें हिस्सेदारी करेंगे और सबमें योगदान करेंगे। इस समय चारों तरफ खास तरह के सरोकार का माहौल दिखाई पड़ रहा है। इसलिए 2024 का लोक सभा चुनाव एक मायने में मील का पत्थर साबित होगा, ऐसी आशा की जा रही है।

-प्रो. आनंद कुमार-

## संपादकीय

### इलेक्ट्रोल बांड : छिपाइए नहीं,बताइए

लोकतांत्रिक शासन में चुनाव से ही पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतने का आग्रह एक न्यूनतम अपेक्षा है। आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा एवं इनसे जुड़े विदेशी समझौतों को ही इसके दायरे से बाहर रखा जा सकता है।पर देश के राजनीतिक दलों को जिस इलेक्ट्रोल बांड के जरिए चंदा देने की व्यवस्था अपारदर्शी भीत्ति पर बनाई गई थी। इससे यह खुलासा नहीं हो रहा था कि कब,कौन, किस पार्टी को और कितना धन चंदे में दे रहा है।सर्वोच्च न्यायालय ने बांड जारी करने वाला एकमात्र बैंक एसबीआई है, नियमतः यह काम आरबीआई का था, उसे 15 फरवरी को ही इसके सारे ब्योरों को चुनाव आयोग को देने की बात कही थी ताकि वह अपनी साइट पर सार्वजनिक करे। पर एसबीआई जो वित्त मंत्रालय के अधीन है, उसने न्यायालय के निर्देश का दो हिस्सों में और वह भी आधा-अधूरा पालन किया। बैंक ने पहले हिस्से में बांड खरीद की तारीख, खरीदने वालों के नाम और उसकी कीमत बताई है।दूसरे में बांड को भुनाने की तारीख, पार्टी के नाम और उसकी कीमत दी है। एक तीसरी कॉपी भी जारी की है, जिसमें बांड की कीमत, उसे देने और भुनाने वालों के नाम और तिथियां हैं। ये आयोग की वॉल पर हैं। पर इनमें वह यूनिक कोड नहीं है, जिससे तमाम ब्योरों का समग्रता में खुलासा करने और इस तरह सरकार बनने की पहली दहलीज से ही पण्राली में पारदर्शिता लाने का न्यायालय का मूल मकसद ही नहीं पूरा हो रहा है।इसलिए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को बांड के यूनिक कोड के साथ तमाम ब्योरे 21 मार्च को शाम 5 बजे से पहले अंतिम रूप से जारी करने के लिए एसबीआई को कड़ी फटकार लगानी पड़ी। न्यायालय चाहता है कि बैंक यूनिक कोड के साथ एक समग्र और अंतिम ब्योरा दे।इसके लिए उसे दो हिस्सों में ब्योरा देना होगा। पहले में बांड के खरीदने की तारीख, खरीदने वालों के नाम, उसके यूनिक कोड, और उसकी कीमत हो। दूसरे हिस्से में, बांड भुनाने की तारीख, भुनाने वाली पार्टी, बांड के यूनिक कोड और उसका मूल्य दिया जाए ताकि आम जन बांड खरीदने वाले और इसको भुनाने वाले के साथ मिलान कर सके। इससे पार्टियां और उन्हें चंदे देने वाली कंपनी-घरानों की नींद उड़ी हुई है।पर सर्वोच्च न्यायालय की पहल से चुनावी चंदे की स्वीकार्य नैतिक व्यवस्था बनेगी जिसका असर चुनावों के बेलगाम खर्चे पर नियंतण्रके रूप में होगा। इसके लिए देश में कब से चल रही बहस एक निर्णायक आकार ले सकेगी।

# प्रकृति द्वारा प्रदत्त जल-स्रोत को बचाएं

कोई साल बारिश का रूठ जाना तो कभी ज्यादा ही बरस जाना हमारे देश की नियति है। थोड़ा ज्यादा बरसात हो जाए तो उसके समेटने के साधन नहीं बचते और कम बरस जाए तो ऐसा रिजर्व स्टॉक नहीं दिखता जिससे काम चलाया जा सके।अनुभवों से यह तो स्पष्ट है कि भारी-भरकम बजट, राहत, नलकूप जैसे शब्द जल संकट के निदान नहीं हैं। करोड़ों-अरबों की लागत से बने बांध सौ साल भी नहीं चलते, जबकि हमारे पारंपरिक ज्ञान से बनी जल संरचनाएं ढेर सारी उपेक्षा, बेपरवाही के बावजूद आज भी पानीदार हैं। जलवायु परिवर्तन के खतरे के सामने आधुनिक इंजीनियरिंग बेबस है। यदि भारत का ग्रामीण जीवन और खेती बचाना है तो बारिश की हर बूंद को सहेजने के अलावा और कोई चारा नहीं बच रहा है। देश के बहुत बड़े हिस्से के लिए अल्प वष्रा नई बात नहीं है, और न ही वहां के समाज के लिए कम पानी में गुजारा करना, लेकिन बीते पांच दशक के दौरान आधुनिकता की आंधी में दफन हो गए हजारों चंदेल-बुंदेला कालीन तालाबों और पारंपरिक जल पण्रालियों के चलते ये हालात बने। मप्र के बुरहानपुर शहर की आबादी तीन लाख के आसपास है। निमाड़ का यह इलाका पानी की कमी के लिए जाना जाता है लेकिन आज भी शहर में कोई अठारह लाख लीटर पानी प्रति दिन एक ऐसी प्रणाली के माध्यम से वितरित होता है, जिसका निर्माण 1615 में किया गया था। यह प्रणाली जल संरक्षण और वितरण की दुनिया की अजूबी मिसाल है, जिसे भंडारा' कहा जाता है। सतपुड़ा की पहाड़ियों से एक-एक बूंद जल जमा करना और उसे नहरों के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंचाने की यह व्यवस्था मुगलकाल में फारसी जल-वैज्ञानिक तबकुतुल अर्ज ने तैयार की थी। समय की मार के चलते दो भंडारे पूरी तरह नष्ट हो गए हैं।सनद रहे कि हमारे पूर्वजों ने देश-काल-परिस्थिति के अनुसार बारिश को समेट कर रखने की कई पण्रालियां विकसित और संरक्षित की थीं, जिनमें तालाब सबसे लोकप्रिय थे। घरों की जरूरत यानी पेयजल और खाना बनाने के लिए मीठे पानी का साधन कुआं कभी हर घर-आंगन में हुआ करता था। धनवान सार्वजनिक कुएं बनवाते थे। हरियाणा से मालवा तक जोहड़ या खाल जमीन की नमी बरकरार रखने की प्राकृतिक संरचना हैं। ये आम तौर पर वष्रा-जल के बहाव क्षेत्र में पानी रोकने के प्राकृतिक या कृत्रिम बांध के साथ छोटे तालाब की मानिंद होते हैं। तेज ढलान पर तेज गति से पानी के बह जाने वाले भूस्थल में पानी की धारा को काट कर रोकने की पद्धति पाट' पहाड़ी क्षेत्रों में लोकप्रिय रही है। एक नहर या नाली के जरिए किसी पक्के बांध तक पानी ले जाने की प्रणाली नाड़ा या बंधा' अब देखने को नहीं मिल रही। कुंड और बावड़िया महज जल संरक्षण के साधन नहीं, बल्कि हमारी स्थापत्य कला के बेहतरीन नमूना रहे हैं। आज जरूरत है कि ऐसी पारंपरिक पण्रालियों को पुनर्जीवित करने के लिए खास योजना बनाई जाए और इसकी जिम्मेदारी स्थानीय समाज की ही हो। यह देश-दुनिया जब से है तब से पानी अनिवार्य जरूरत रही है और अल्प वष्रा, मरुस्थल, जैसी विषमताएं प्रकृति में विद्यमान रही हैं-यह तो बीते दो सौ साल में ही हुआ कि लोग भूख या पानी के कारण अपने पुश्तैनी घरों-पिंडों से पलायन कर गए। उसके पहले का समाज तो हर तरह की जल-विपदा का हल रखता था। अभी हमारे देखते-देखते ही घरों के आंगन, गांव के पनघट और कस्बों के सार्वजनिक स्थानों से कुएं गायब हुए हैं। बावड़ियों को हजम करने का काम भी आजादी के बाद ही हुआ। हमारा आदि-समाज गर्मी के चार महीनों के लिए पानी जमा करने और किफायत से खर्च करने को अपनी संस्कृति मानता था।

-पंकज चतुर्वेदी-

## सामना

रुख पहाड़ों की तरफ किया
तो समझ आया
जन्नत इस धरा पर भी है।
रुख बादलों की तरफ किया
तो समझ आया
बदमाशी इनमें भी है।
रुख बहती नदी की तरफ किया
तो समझ आया
जीवन का बहाव इनमें भी है।
रुख हरे-भरे खेतों की तरफ किया
तो समझ आया
जीवन का अंश इनमें भी है।
रुख वृक्षों की तरफ किया
तो समझ आया
जीवन की समझदारी इनमें भी है।
रुख डूबती हुई नाव की तरफ गया
तो समझ आया
जीवन का अंतिम पड़ाव
इनमें भी है।



डॉ.राजीव डोगरा
जनयानकड़
कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# उफ्फ उन सभी मासूमों की मासूमियत पर दिल फिदा-बचपन

बहुत ही सुंदर सी फोटो किसी अभिभावक ने अपने बच्चे की खींची थी । शायद उस बच्चे को भी अंदाजा नहीं था की उसके अभिभावक उसकी फोटो खींच रहे । कितना प्यारा मासूमियत से भरा वो क्षण होगा जो अभिभावकों को कैमरे में कैद करने को विवश कर बैठा । उनके बच्चे की वो मासूमियत जो समाज के छल-कपट से परे , भावनात्मक पहलुओं से जुड़ा था । ऐसे भाव जो की सिर्फ नन्हे फरिश्तों में ही मिल सकते हैं , हम बड़ों में तो बिल्कुल नहीं मिल सकते । अगर किसी बड़े में एसे मासूमियत भरे भावनात्मक भाव होंगे भी तो , फिर भी एक-दो प्रतिशत ही सही वो भी कहीं ना कहीं तो इस समाज के अंतर्गत चल रहे भावों में तो विलुप्त होगा ही सही ।

उस तस्वीर में था ही कुछ एसा सोशल मीडिया पर एक तस्वीर दिखी जिसके अंतर्गत अभिभावक घर के हाल में बैठकर टीवी में धारावाहिक देख बड़ा ही लुफ्त उठा रहे थे साथ में चाय नाश्ता कर रहे । अब उनके उस पसंदीदा धारावाहिक के अंतर्गत एक हृदय को घायल करता हुआ अंश आ गया जिसके चलते धारावाहिक के अंदर अभिनय कर किरदार रो रहा था , निरंतर उसके आंसू बह रहे थे तभी दर्शक बन जो अभिभावक धारावाहिक देख रहे थे अपने घर पर ही उनका मात्र तीन वर्ष का मासूम बच्चा जिसे अभिनय की एक बड़ी सी डी भी नहीं पता वो बच्चा एक कपड़ा या रुमाल लेता है और अपने घर की टीवी में ही रोने का किरदार निभाने वाले के लगातार आंसू पोंछ रहा है । तो बताइये हैं ना ये वो बेहतरीन मासूमियत से भरे पल जो बच्चों को इस समाज की भरी छल-कपट की भीड़ से अलग ही करती है । जब मैं ही उस फोटो मात्र को देख इतना खुश हुई की कलम चला दी तो वाकई उन अभिभावकों ने तो पास से देख आनंद लिया होगा अपने नन्हे नौनिहाल की मासूमियत का । इसलिए कहते हैं बच्चे मन के सच्चे होते हैं ।

ठीक उसी तरह एक ओर मासूमियत सा भरा विडियो दिल को छू गया था ये भी मासूमियत जात-पात के भेदभाव से परे बस प्रेम और दोस्ती की भावनाओं से भरा था । इस सोशल मिडिया में फैले विडियो के बारे में बताने से पूर्व नमन उन अभिभावकों को जो बच्चों को इंसानियत का पाठ पढ़ाते अमीरी-गरीबी के भी भेदभाव से परे रख मिल-जुलकर रहना , खाना , बॉटना सिखाते हैं । उसी तरह एक जोड़ा अपने बच्चे को ले बाजार जाते हैं , बाजार में बच्चे को एक गुब्बारे वाली दिखती है और बच्चा गुब्बारा मांगता है । गुब्बारे वाली के साथ उसका भी मात्र दो साल का बच्चा मैले-कुचैले कपड़ों में खड़ा था । अभिभावकों ने अपने बच्चे को गोद से उतारा और कौन सा गुब्बारा चाहिए इशारा करते पूछा । परंतु बच्चे को तो अब गुब्बारे में नहीं , गुब्बारे वाली के साथ खड़े बच्चे से लगाव हो गया वो उस बच्चे को गले लगाता है , उसका हाथ पकड़ता है बच्चे के अभिभावक बच्चे को बिल्कुल नहीं रोकते बल की अपने बच्चे के उदार दिल के भावों को कमरे में संजो लेते । सच अगर उस दिन उस बच्चे के अभिभावक उसे रोक लेते तो बच्चे के दिमाग के विकास में गलत विचार संलग्न हो जाते नमन है पुनः उन अभिभावकों को जिसके चलते उस गुब्बारे वाली के चेहरे पर भी मुस्कान छा गई उसे भी लगा होगा कहीं न कहीं तो बच्चे मन के सच्चे होते हैं ।

इसी तरह एक प्यारी सी नन्ही सी फूल सी बच्ची का विडियो देखा बचपन से ही भक्ति रस इस गदर उसे मोहित कर गया की वो अपने पांवों को थिरकने से रोक नहीं पाई । हालांकि जिन्होंने ने विडियो सोशल मीडिया पर डाला उस पर व्यंग्यात्मक पहलू को लिए लिख दिया की ओर भेजो अपने बच्चों को अपनी दादी के साथ भजन मंडली में । लिखने वाले के भाव चाहे व्यंग्यात्मक थे परंतु अप्रिय थे । अगर एक नन्ही बच्ची अभी से अपने सनातन धर्म के प्रति प्रेरित हो उस भक्ति रस को अपनी आत्मा तक महसूस कर उस पर उसी अनुरूप भाव व मुद्राएं प्रस्तुत कर नृत्य कर रही थी वो भी सभी को नजरंदाज कर अपनी मस्त-मौला अभिव्यक्ति के साथ तो इसमें कोई भी बुराई नहीं है बल्कि ये तो हमारे लिये गर्व की बात है की हमारे बच्चों में भक्ति के बीज स्वयं ही पनप रहे या हमारे वरिष्ठों द्वारा बोए जा रहे । बल्कि हर किसी को सीख लेने की जरूरत है ।

इसी तरह ना जाने कितने बच्चों के बारे में बताऊं आज वो मिसाल बन गये हैं दुनिया के लिये अपनी मासूमियत के चलते ना जाने कितने बच्चे अपने अभिभावकों को मोहित कर लेते और अभिभावक भी उनके प्यारे से मासूमियत से भरे वीडियो अपलोड कर देते सोशल मीडिया पर जिसे देख दिल गदगद हो जाता है ।



वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर, महाराष्ट्र

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## काश

काश वो अपने जिदंगी के दो पल मझे दे देता,
तों मैं अपनी जिदंगी उसके नाम कर देती,
जानती हुँ अरे हाँ मै जानती है,
वो अब मुझसे प्यार नही करता है,
पर फिर भी मैं उसे बेपनाह चाहती हुँ,
इसलिए अपने दिल में हर रोज,
एक तमना लेकर चलती हूँ,
कभी वो प्यार से दो शब्द कहे,
और मै उसे सुनती रहुँ कभी वो सच कहे
और मैं उसे रिकाँर्ड करूँ।।
चलों आज मै तुम्हें एक राज की बात बताती हूँ,
जब मै आ थी काँलेज में नई-नई,
इसने कई दिनों तक मेरे चक्कर काटे थे,
पढ़ाई लिखाई छोड़कर,
मेरा ख्याल रखा करता है,
फिर मुझे एहसास,
कि शायद ये वही है,
जिसकी तलाश हर लड़की को रहती है,
यही मेरा जीवनसाथी, यही मेरा हमसाथी है,
माँ-बाप को भी त्याग था मैं,
इसे ही सब कुछ माना था मैने,
जिदंगी में पहली बार किसी को खास बना था मैने,
कुछ महीने, कुछ साल बड़े खुशी-खुशी गुजर थे हमने
लग रहा था कि अब सारी खुशी मिल गई है।।
फिर एक रोज गजब की हवा चली,
मेरे प्यार को नजर लगी,
काँलेज में नई-नई पापा की परी दिखाई दी,
मेरे पति को मुझसे दुर कर के ले गई,
अरे मुझे क्या पता था जिसे मैने अपना माना था,
वो मुझे ही धोखा देगा पापा की परियों के संग,
मेरे सपने को तोड़ेगा धोखा उसने दिया,
झूठे इल्जाम मुझ पें लगवाया था,
बीच सड़क पर मुझे ही अकेला छोड़ आया,
अपने आप को सभी के बीच सही बताया था,
मुझे गलत साबित करवाया था,
माँ-बाप के साथ रिश्ता तुड़वाया,
जिसे अपना बनाया था उसने भी पराया बना दिया,
जिसने मुझे जन्म दिया उसने भी अकेला छोड़ दिया।।
अब उसे किसी चीज की कमी नही,
मुझसे अधिक धनी लड़की को फसाइया था,
उसे क्या मेरी कभी याद आएगी,
सब कुछ है उसके आखिरी क्यों याद आऊँगी मैं।।
ये सच मुझे पता है उसें मेरी कदर नही है,
तो मेरी मोहब्बत का क्या कदर होगा।
आज सौ लोगों के बीच में भी,
मै उसे पहचान लेती हुँ
लेकिन वो सौ लोगों के बीच में मुझे ही भूल चूका है,
वो मुझे ही नीचा दिखा देता है।।
अरे वक्त वक्त की बात है दोस्तों,
आज मै उसकी याद में तड़प रही हूँ,
हे भगवान उसें कभी ना तड़पाना,
कि जैसे मै बेपनाह मोहब्बत करती हुँ,
उसें भी वैसा करना सीखाना,
मगर मुझसे नही उससे करना सिखाना,
जिसे कारण उसने मुझे छोड़ा था
जिस दिन वो सिख लिया,
उस दिन मैं भी यह समझ जाऊँगी,
कि मुझे सारा जाहाँ मिल गया।।



मुस्कान केशरी
मुजफ्फरपुर
बिहार

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# बाल कहानी : तनु की शर्तें

इस बार ओड़गाँव के गाँधीपारा के बच्चों को होली का बेसब्री से इंतजार था। सबने होली मनाने की बात अपने-अपने तरीके से सोच ली थी। कोई खूब रंग-गुलाल खेलने की, कोई पिचकारी चलाने की, कोई ढोल-नगाड़े बजाने व नाचने-गाने की। अपने-अपने माता-पिता से रंग-गुलाल व पिचकारी भी लिवा लिये थे। किसी की पिचकारी बोतलनुमा, किसी की पिचकारी चिड़िया जैसी, तो किसी का बिलकुल गन टाइप का। सब एकदम खुश थे। सबने कल सुबह से ही एक जगह इकट्ठे होकर रंग-गुलाल खेलने का मन बना लिया था। सभी होलिकादहन की रात की प्रतीक्षा करते हुए बतिया रहे थे।

दूसरे दिन होली आई। तनु अपनी मम्मी के साथ घर काम में व्यस्त थी। वैसे उसका होमवर्क हो गया था। आनलाइन क्लास भी अटैंड कर चुकी थी। कक्षा दसवीं की तनु अपनी पढ़ाई के प्रति बहुत सतर्क थी। इस कोरोनाकाल में पढ़ाई का महत्व वह अच्छी तरह समझती थी, तभी तो वह अपनी आनलाइन क्लास कभी मिस नहीं करती। अगर घर में नेटवर्क प्रॉब्लम होती, तो वह खेत की ओर या खेलमैदान में नेट कवर करने चली जाती; और क्लास अटैंड करती थी। तनु की पढ़ाई के प्रति उसकी लगन देख उसके माता-पिता व शिक्षक खुश थे।

इस बार की होली में तनु का अपनी सहेलियों के साथ रंग-गुलाल खेलने व पिचकारी चलाने का बिल्कुल मन नहीं था। वह पिछले साल का होली-हुड़दंग नहीं भूली थी। उसने ठान लिया था कि आज वह घर से बाहर नहीं निकलेगी। दस-गयारह बजे तक वह किचन में अपनी मम्मी का हेल्प करती रही। फिर खाना खाया। रोटी और पकवान का भी मजा लिया। फिर ड्राइंग रूम में बिस्तर पर लेट कर पुस्तक पढ़ने लगी। पढ़ते-पढ़ते उसे झूप से नींद लग गयी। बस पंद्रह-बीस मिनट ही हुआ होगा कि उसकी सहेलियाँ रंग-गुलाल लिये हँसती-खिलखिलाती हुई आई। नींद खुल गयी उसकी। कमरे में घुसते ही शिखा कहने लगी- क्यों तनु, तू सोयी है...आज सोने का दिन है... अरी आज तो होली है... नहीं पता क्या ? चल उठ। बाहर चल ना। मजा आएगा।



तनु चौंक गयी। बोली- पहले तुम सब बैठो ना। वाह ! तुम सब तो बड़े खुश लग रहे हो। क्या बात है... क्या इस बार कुछ अलग ही ढंग से होली मना रहे हो ?

हाँ बिल्कुल ! तुम भी हमारे साथ चलोगी, तभी तो मजा आएगा तनु। नीतू सोफे पर बैठते हुए बोली। मनु बोला-तनु दीदी ,देखो न...मेरी पिचकारी कितनी सुंदर है। यह एक चिड़िया लग रही है। इसे दबाते ही रंग वाला पानी इधर से पिच-पिच कर के निकलता है।

हाँ मनु ! बहुत अच्छी है तुम्हारी पिचकारी तो। तनु ने मनु को अपने पास बिठा लिया।

देखो न तनु दीदी... मैंने अपने दोनों जेब में गुलाल रखा है; लाल और हरा दोनों। मैं तो आप पर जरूर लगाऊँगा दीदी। ओमू ने हँसते हुए कहा।

नहीं भाई, रुको...रुको...। तनु अपने दोनों हथेलियों से चेहरा ढकते हुए बोली।

बच्चों की आवाज तनु की माँ ने सुन ली। वह एक बड़ी सी प्लेट में ठेठरी, खुरमी, पुड़ी, बड़ा, गुजिया ले आयी। बोली- ÷चलो पहले इन्हें खालो; फिर जाना खेलने बाहर। तुम लोग बहुत अच्छे हो। अच्छा किये हमारे घर आकर।÷ सबके सामने ही वह प्लेट टी-टेबल पर रख दी। फिर सभी बच्चों ने तनु की माँ के माथे पर गुलाल लगाया और पैर छुए। सबने हँस-हँसकर रोटियाँ खाईं। शिखा बोली- चल ना तनु बाहर रंग-गुलाल खेलेंगे। तनु चुपचाप बैठी ही थी।

दीदी, चलो ना...। बिट्टू बोला।

नहीं... नहीं... बिट्टू, मेरा मन नहीं कर रहा है। मैं नहीं जाऊँगी। तनु बिस्तर से उठकर बैठी।

अरी वाह दीदी ! तुम नहीं जाओगी, तो कैसे बनेगा ? क्या इस बार होली को फीकी करनी है। ओमू बोला।

नहीं... नहीं... बाहर नहीं जाऊँगी तुम सब के साथ। कमरे से तनु बाहर निकलने लगी। तभी शिखा ने उसका हाथ पकड़ लिया। बोली- क्यूँ हमारे साथ रंग-गुलाल खेलना तुम्हें अच्छा नहीं लगेगा ? हम सब अच्छे नहीं हैं तनु ?

सभी बच्चे तनु से बार-बार एक ही प्रश्न करने लगे कि आखिर हमारे साथ खेलने बाहर क्यों नहीं जाएगी। कुछ देर तक तनु चुप रही। बच्चे जिद करते रहे। फिर तनु बोली- नीतू, खुशी, शिखा ! मैं जाऊँगी तुम सब के साथ बाहर। तनु की बात सुनकर सब खुश हो गए। तनु ने आगे कहा- पर मेरी कुछ शर्तें हैं।

क्या शर्तें हैं दीदी ? ओमू और बिट्टू बोले।

बाहर रंग-गुलाल खेलते व पिचकारी चलाते समय कोई किसी को अपशब्द नहीं बोलेगा। तनु अपनी शर्तें रखने लगी- किसी के ऊपर कोई सादा या गर्म पानी नहीं डालेगा ; और हम में से कोई भी किसी के चेहरे या शरीर पर कोयला, कीचड़, तेल, पेंट, ग्रीस आदि नहीं लगाएगा। बोलो अब, क्या तुम्हें मेरी शर्तें मंजूर है ? सभी तनु की बातें कान लगाकर सुन रहे थे। सब के सब चुप थे। एक-दूसरे को देखने लगे। फिर शिखा बोली- हाँ तनु, ठीक है। तुम सही कह रही हो। अब ऐसा कुछ नहीं होगा।

हाँ...हाँ....दीदी ! आप जैसा चाहोगी वैसा ही होगा, पर चलो न बाहर। बच्चों ने भी हाँ में हाँ मिलाया। अंत में तनु भी मान गयी। बच्चे खुशी से झूम उठे- होली है भाई....होली है...।




टीकेश्वर सिन्हा
गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
(छत्तीसगढ़)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कविता

कविता लिखना चाहता हूं,
क्या लिखूं ?, तू है सागर सी,
तुझ में कैसे मैं गोता लगाऊं ,
न सुरताल का ज्ञान है,
न मात्रा मापना मुझे आता है,
फिर भी भाव विभोर ये मन,
कविता लिखना चाहता है ।
अक्षर जोड़ कर शब्द बनाऊं ,
शब्द जोड़ कर वाक्य सजाऊं ,
सारी बातें साझा कर दूं ,
या भावों से वर्षा कराऊँ,
बताओ मैं कैसे सतरंगी बनाऊं ।
तुझ में माता वेद मैं देखूं ,
उसकी कृपा की ज्योती देखूं ,
तैरने यहाँ गुरु का साथ मांगू ,
बता मैं कैसे तेरा करूँ गुणगान,
कविता लिखना भी कहां आसान।
लिखना मेरी कला है क्या न जानूं
बस रस श्रृंगार में तुझे घोल दूँ,
सारी बातें दिल की अपने
कोरे कागज़ पर स्याही से बोल दूं,
नस नस में उत्साह भर
नदियों को तुझ में मिलाऊं
कहो कैसे मैं तुम्हें रिझाऊं
कविता बनूं मैं तेरी तूझे अपनी
लेखनी बनाऊं।
कविता लिखना चाहत है मेरी
क्या लिखूं ?,तू है सागर सी गहरी,
मेरे दिल के कोने में तू
न जानें थीं कब उतरी,
तब से अब तक कविता में अपने,
नाम लिया तेरा ही हरदम जैसे हो
मैंने ओ साथी तेरे नाम की माला फेरी।



वर्षा शिवांशिका
कुवैत

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले पर कड़ी कारवाही

## चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही कर 149350/- समन शुल्क किया गया वसूल

### पुलिस टीम द्वारा दो पहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले वाहन चालकों पर कुल 02 प्रकरण दर्ज कर 1000/- समन शुल्क किया गया वसूल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रतिदिन अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है, विगत् 02 दिवस में यातायात पुलिस टीम द्वारा मोबाइल पर बात कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, दो पहिया वाहन मे

» **मोबाइल फ़ोन पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले चालकों पर कुल 02 प्रकरण दर्ज कर 600/- समन शुल्क किया गया वसूल**

» **रेड सिग्नल जम्प/खतरनाक तरीके से वाहन चालन पर कुल 07 प्रकरण दर्ज कर 14000/- समन शुल्क किया गया वसूल**

» **अन्य विभिन्न धाराओं के तहत् कार्यवाही करते हुए कुल 228 प्रकरण दर्ज कर कुल 133750/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल**



तीन सवारी वाहन चलाने वाले वाहन चालकों,रेड लाईट जम्प/खतरनाक तरीके से वाहन चालन पर एवं अन्य विभिन्न धाराओं के तहत् भी सख्ती से कार्यवाही की गई।

यातायात पुलिस द्वारा अभियान के तहत दो पहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 02 प्रकरण दर्ज कर 1000/- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले कुल 02 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर कुल 600/-रूपये समन शुल्क वसूल किया गया, रेड सिग्नल जम्प/खतरनाक तरीके से वाहन चालन पर कुल 07 प्रकरण में 14000/-रूपये समन शुल्क तथा अन्य विभिन्न धाराओं के तहत् कार्यवाही करते हुए कुल 228 प्रकरण दर्ज कर कुल 133750/- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है। यातायात सुरक्षा अभियान के तहत् यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले कुल 239 वाहन चालकों पर 149350/- रुपये की चालानी कार्यवाही की गई है।

सरगुजा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रतिदिन कार्यवाही की जायगी, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों से अपील करती है, कि यातायात के नियमों का पालन करें एवं स्वयं सुरक्षित रहें तथा अन्य राहगीरों को भी सुरक्षित रखे।

## नकली खोवा तथा गुणवत्ताहीन मिठाई की बिक्री बढ़ने की आशंका

### होली त्योहार के मद्देनजर विभिन्न मिठाई दुकानों से जांच हेतु लिया गया नमूना



- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए नकली खोवा तथा गुणवत्ताहीन मिठाई की बिक्री बढ़ने की आशंका रहती है जिसमें सीमावर्ती राज्यों से मिलावटी खोवा,मावा इत्यादि खाद्य के आपूर्ति होती है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। इसी क्रम में कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में और खाद्य एवं औषधि प्रशासन नियंत्रक के निर्देशानुसार जिला सरगुजा के समस्त मिठाई दुकानों का सतत एवं सघन निरीक्षण किया जा रहा है। मिलावट की आशंका के मद्देनजर वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर.आर. देवांगन एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रशान्त कुमार तिवारी तथा टीम द्वारा घड़ी चौक के पास स्थित मेसर्स पंचशील स्वीट्स एवं रिंग रोड के पास स्थित मेसर्स दो भाई मिठाई वाले से रसगुल्ला, मेसर्स शिवम स्वीट्स से बेसन लड्डू, मेसर्स कार्तिक होटल से बालू शाही, अंकूर फ्लोर मिल से आटा, मेसर्स संतोष होटल से बेसन लड्डू, मेसर्स रॉय स्वीट्स से पेड़ा का नमूना लेकर परीक्षण एवं विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाडी रायपुर भेजा गया है।

राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाडी, रायपुर से परीक्षण एवं विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन से अन्य मिष्ठान प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच की जा रही है। खाद्य पदार्थों के अमानक पाए जाने पर मौके पर ही खाद्य पदार्थ के विनष्टीकरण की कार्यवाही की जा रही है।

## रंगों के त्योहार होली पर्व के लिए गुलाल-पिचकारी की सज गईं दुकानें



- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

रंगों का त्यौहार है होली खुशियों का त्यौहार है होली रंग बिरंगी पिचकारी से खुशियां मनाने का त्यौहार है होली लोगों के चेहरे बदलने लगे तो समझो होलो आई। अंबिकापुर में होली को लेकर जहा एक तरफ बाजार सज कर तैयार हो गया है। वही आकर्षक मुखोटे ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। होली की खरीदारी को लेकर लोग अभी से काफी उत्साहित हैं। इस बार लोगों में गुलाल की खरीद को लेकर काफी जागरुकता देखी जा रही है। लोग साधारण और केमिकल युक्त गुलाल की जगह पर बिना केमिकल का नेचुरल गुलाल अधिक खरीद रहे हैं। वहीं इस वर्ष विभिन्न प्रकार के फूल व भाजी से निर्मित अबीर-गुलाल भी बाजार में उपलब्ध हैं। हालांकि यह अन्य अबीर-गुलाल से थोड़ी महंगे हैं पर पूरी तरह नेचुरल हैं। इससे त्वचा पर किसी तरह का नुकसान नहीं होने की बात कही जा रही है। पिचकारियों की बात करें तो दुकानों पर मिल रही कई प्रकार की पिचकारियां बच्चों को खूब लुभा रहीं हैं। बाजार में विभिन्न प्रकार के पिचकारी उपलब्ध हैं। वहीं बच्चों को विशेष रूप से डोरेमोन व छोटा भीम वाली पिचकारी काफी पसंद आ रही है। वहीं खास बात यह है कि बाजारों में त्वचा पर नकारात्मक असर डालने वाले चीनी प्रोडक्ट इस बार बाजारों से पूरी तरह गायब दिख रहे हैं। जिला प्रशासन के सख्त निर्देश के बाद इस वर्ष डरावने व राजनेताओं के चेहरे के मुखौटों पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। अगर डरावने व राजनेताओं के चेहरे का मुखौटा बेचते पाए गए तो दुकान सील करने का निर्देश है। इस लिए व्यवसायी ऐसे मुखौटे बेचने से परहेज कर रहे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष महंगाई कुछ बढ़ी है। व्यवसायियों का कहना है कि पिचकारी, रंग-गुलाल व अन्य सामान के दाम पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 30 से 40 प्रतिशत महंगे हैं।

### किसके कितने दाम

**पिचकारी - 10 से 2000 रुपए तक**
**सामान्य गुलाल- 20 रुपए से शुरू**
**हर्बल रंग - 50 रुपए से शुरू**
**कलर स्प्रे - 100 रुपए से शुरू**



## धोखधड़ी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

डेढ़ वर्ष में रुपए दोगुनी करने का झांसा देकर ठगी किए जाने के मामले में मणिपुर पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूर्व में भी पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

जानकारी के अनुसार संजय दास पिता मनोहर दास मेंड्राकला का रहने वाला है। वह मणिपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि मेरे मामा के लडक़ा मनु दास को कवर्धा निवासी नारायण साहू, सुरेश सिन्हा एवं योगदत्त साहू एक्सपर्ट कंपनी का स्टाफ बताकर डेढ़ वर्ष में रुपए दोगुना करने का झांसा देकर वर्ष 2022 में 1 लाख 65 हजार रुपए ठगी कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी सुरेश सिन्हा उम्र 40 वर्ष निवासी सेमरिया अंबेडकर चौक नरदहा रायपुर को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में पूर्व में नारायण साहू व योगदत्त साहू गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है।

## होली में हुड़दंगबाजी करने वालों पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

होली त्योहार को लेकर थाना उदयपुर,सीतापुर,लुण्ड्रा एवं बतौली में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान थाना प्रभारियों द्वारा होली पर्व के अवसर पर क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल बनाये रखने की अपील की गई है। चौक-चौराहों एवं सडक़ पर व्यवस्थित ढंग से दुकान लगाने एवं यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गई है। साथ ही किसी प्रकार की क्षेत्र में घटना घटित होने की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करने हेतु समझाईश दी गई है। आमजनों से अपील की गई है, कि किसी प्रकार का मुखौटा का उपयोग व बिक्री न की जाए, तथा इसके अलावा शराब सेवन कर हुड़दंगबाजी न करने हेतु हिदायत दी गई है। ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग नहीं करने एवं किसी के ऊपर जबरदस्ती रंग






नहीं लगाने की समझाईश दी गई है। होली पर्व में शांति व सुरक्षा को लेकर पुलिस पेट्रोलिंग गाडियां गश्त पर रहेगी, वहीं चौक-चौराहों में पुलिस जवान तैनात किये जायेंगे। हुड़दंगबाजी करने वाले आपराधिक तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी, वहीं सीसीटीव्ही कैमरे के माध्यम से भी लोगों पर नजर रखी जायेगी। इसके अलावा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठजनों से अपने क्षेत्र के लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से होली पर्व मनाने हेतु कहा गया है, एवं कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस की हरसंभव सहयोग करने की अपील की गई है। आयोजित बैठक में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक एवं शांति समिति के प्रतिनिधि व सदस्यगण उपस्थित रहे।




## 17 स्थायी व 42 गिरफ्तारी वारंटियों को किया गया तलब

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस ने अभियान चलाकर दो दिन के अंदर 17 स्थायी व 42 गिरफ्तारी वारंटियों को पकडक़र न्यायालय में पेश किया है। थाना कोतवाली से स्थायी वारंटी 9 व गिरफ्तारी वारण्ट 8, थाना गांधीनगर से स्थायी वारण्ट 2 व गिरफ्तारी वारण्ट 3, थाना मणीपुर से गिरफ्तारी वारण्ट 1, थाना दरिमा से स्थायी वारण्ट 1 व गिरफ्तारी वारण्ट 6, थाना लखनपुर से स्थायी वारण्ट 1 व गिरफ्तारी वारण्ट 4, थाना लुण्ड्रा से स्थायी वारण्ट 2 व गिरफ्तारी वारण्ट 1, थाना बतौली से स्थायी वारण्ट 1 व गिरफ्तारी वारण्ट 5, थाना सीतापुर से गिरफ्तारी वारण्ट 10, थाना उदयपुर से गिरफ्तारी वारण्ट 2, थाना कमलेश्वरपुर से स्थायी वारण्ट 2 व गिरफ्तारी वारण्ट 1 को पकडक़र न्यायालय में पेश किया गया है।

## 2 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी हुए गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

आबकारी विभाग के उडऩदस्ता टीम ने ग्राम रेवापुर से दो पेटी मध्यप्रदेश की अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने घर में रखकर बेचने का काम करता था। टीम ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से जानकारी मिली रही थी कि दरिमाा थाना क्षेत्र के ग्राम रेवापुर निवासी चंद्रशेखर सिंह अपने घर में अंग्रेजी शराब रखकर बेच रहा है। मुखबिर की सूचना पर 22 मार्च को टीम ने उसके घर छापामार कर 2 पेटी मध्यप्रदेश की गोवा व्हिस्की शराब जब्त किया है। टीम ने आरोपी चंद्रशेखर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क, 34 (2) 36 एवं 59 (क) के तहत कार्रवाई कर जेल



दाखिल कर दिया है। कार्रवाई के दौरान आबकारी मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, रामाधार कुशवाहा, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी एवं ममता उपस्थित रहे।

## 17 लीटर शराब के साथ दो आरोपी हुए गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

उदयपुर पुलिस ने 15 लीटर व बतौली पुलिस ने 2 लीटर अवैध




अवैध शराब बिक्री किये जाने वाले के विरूद्ध सरगुजा पुलिस की सख्त कार्यवाही

महुआ शराब के साथ एक-एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर पुलिस ने ग्राम सोनतराई निवासी मांधुराम बिंझिया के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। वहीं बतौली पुलिस ने शिवपुर निवासी बब्लू रवि के कब्जे से 2 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों मामले में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## छुई खदान में दबकर भाजपा कार्यकर्ता की मौत

- संवाददाता -
ओडग़ी,20 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के ओडग़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत लांजित गांव में शुक्रवार की सुबह छुई खदान धंसकने से उसमें दबकर एक युवक की जहां मौत हो गई,जबकि एक महिला घायल हो गई। मृतक भाजपा कार्यकर्ता बताया जा रहा है। घायल महिला को सूरजपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े मृतक के परिजनों से मिलने उनके निवास स्थल पहुंचीं। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया।

ओडग़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लांजित निवासी 27 वर्षीय युवक



राजमन कुर्रे पिता घुरई 27 वर्ष भाजपा कार्यकर्ता था। वह लांजित बूथ का सदस्य था। शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे वह गांव में ही स्थित छुई खदान में मिट्टी निकालने गया था। इस दौरान 3-4 महिला पुरुष भी मिट्टी निकाल रहे थे।

इसी दौरान अचानक छुई खदान धंसक गई और उसमें राजमन व एक महिला दब गए। मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीणों ने हो-हल्ला मचाया तो गांव के लोग वहां पहुंचे। फिर ग्रामीणों ने दोनों को मलबे से बाहर निकाला और ओडग़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां जांच पश्चात डॉक्टरों ने राजमन को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### परिजनों से मिलने पहुंचीं महिला बाल विकास मंत्री

घटना की सूचना मिलते ही दोपहर करीब 3 बजे महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ओडग़ी अस्पताल पहुंचीं। इसके बाद वे मृतक के गांव उसके परिजनों से मिलने पहुंचीं। उन्होंने परिजनों से मिलकर उनका ढांढ़स बंधाया। मृतक के 2 पुत्र व एक पुत्री हैं।

## धारदार हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

कोतवाली पुलिस ने धारदार हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार



किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

कोतवाली पुलिस को जानकारी मिली की प्रतापपुर नाका स्थित मैरिन ड्राइव के पास एक युवक हाथ में लवार लेकर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी राजा झारिया (29) निवासी केदारपुर मिशन चौक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# 150 मिसाइल व ड्रोन से रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हवाई हमला,लाखों लोग अंधेरे में रहने को मजबूर

**कीव, 22 मार्च 2024।** रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया है। उसने यूक्रेन के जपोरीजिया स्थित विशाल बांध को निशाना बनाने के लिए 150 मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल किया। हालांकि, बांध टूटा नहीं है, लेकिन इसके चलते यूक्रेन के लाखों लोग बिजली के बिना अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। इस हमले में कम से कम पांच लोगों की जान गई है।

रूस ने जपोरीजिया के सबसे बड़े बांध डिनिप्रो एचईएस को निशाना बनाया है। पश्चिमी देशों से और वायु सुरक्षा प्रणाली की सुविधा की मांग करने वाले यूक्रेन ने कहा कि रूसी हमले से सात रीजन में ब्लैकआउट जैसी स्थिति हो गई। पड़ोसी देश पोलैंड, रोमानिया और स्लोवाकिया से आपात बिजली आपूर्ति की सेवा लेनी पड़ी। यूक्रेन की वायुसेना ने कहा,



रूस ने 88 मिसाइल और 63 शहीद ड्रोन से हमला किया। इनमें से 37 मिसाइलों व 55 ड्रोन को मार गिराया गया। हमले से डिनिप्रो हाइड्रोइलेक्ट्रिक स्टेशन में आग लग गई, इसी स्टेशन से यूरोप के सबसे बड़े जपोरीजिया न्यूक्लियर पावर प्लांट को बिजली आपूर्ति की जाती है। इस पावर प्लांट में बिजली आपूर्ति की बाधा को दूर करने के लिए यूक्रेनी इंजीनियरों ने हाई वोल्टेज पावर लाइन फिक्स कर दी है।

ताजा हमले ने युद्ध की शुरुआत के बाद पहले जाड़े की याद दिला दी जब रूस द्वारा यूक्रेन पर ताबड़तोड़ बमबारी से उसका अधिकांश इलाका अंधेरे में डूब गया था।

### रूस ने छेड़ रखा है नागरिकों के विरुद्ध युद्धः जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने टेलीग्राम मेसेंजर पर लिखा कि रूस ने सामान्य नागरिकों के विरुद्ध युद्ध छेड़ रखा है, मेरी उन परिवारों के प्रति संवेदना है जिन्होंने युद्ध में अपने प्रियजनों को खोया है। वहीं, रूस फरवरी, 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार किया है। मास्को ने कहा,

यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर हमला करने का उद्देश्य उसकी सेना को कमजोर करना है।

### नाटो अधिकारी व जेलेंस्की के बीच हुई बातचीत

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और नाटो के सैन्य समिति के प्रमुख राबर्ट बौर ने कीव के समर्थन को लेकर चर्चा की है। जेलेंस्की ने राबर्ट के यूक्रेन आने पर धन्यवाद दिया। इसके साथ ही इसे यूक्रेन के साथ नाटो के मजबूत संबंध होना बताया।

# शिनजियांग में उइगर मुसलमानों का उत्पीड़न कर रहा चीन,संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार असेंबली में ड्रैगन पर लगा आरोप



**जिनेवा,22 मार्च 2024।** चीन शिनजियांग में उइगर मुसलमानों का उत्पीड़न कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55 वें सत्र में मानवाधिकार कार्यकर्ता शुनिची फुजिकी ने यह आरोप लगाया है। उन्होंने शिनजियांग में उइगरों के साथ किए जा रहे व्यवहार पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि यहां जाने के लिए चीन की ओर से अनुमति नहीं मिली।

### उइगर मुसलमानों की संस्कृति और पहचान मिटाने की पहचान

शुनिची ने चीन की ओर से उइगर मुसलमानों की पहचान और संस्कृति को मिटाने के प्रयास का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यहां व्यापारिक केंद्र एक नजरबंदी गृह के तौर पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से तुरंत इसके खिलाफ कदम उठाने की अपील की है।

उन्होंने जांचकर्ताओं के लिए शिनजियांग तक पहुंच की व्यवस्था करने की अपील की। मनमाने ढंग से हिरासत में लिए गए लोगों की रिहाई के साथ ही यातना, जबरन श्रम के आरोपों की व्यापक जांच का भी आह्वान किया।

उन्होंने सदस्य देशों से शिनजियांग में जबरन श्रम से उत्पादित वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून बनाने की भी अपील की। उन्होंने निर्णायक कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि उइगर समुदाय लगातार दमनकारी परिस्थितियों में रहने को मजबूर हैं।

# इस्लाम की पवित्र किताब के पन्ने जलाने के जुर्म में एक महिला को आजीवन कारावास



### ईशनिंदा के आरोप में पाक अदालत ने सुनाया फैसला

**लाहौर,22 मार्च 2024।** इस्लाम की पवित्र किताब के पन्ने जलाने के मामले में एक पाकिस्तानी महिला को आजीवन कारावास की सजा हुई है। पाकिस्तान के ईशनिंदा कानूनों के तहत,धर्म या धार्मिक शख्सियतों का अपमान करने का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को मौत तक की सजा दी जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक ईशनिंदा के लिए मौत की सजा नहीं दी है, केवल आरोप से दंगे भड़क सकते हैं।

### ईशनिंदा के आरोप में किया गिरफ्तार

सरकारी अभियोजक मोहजिब अवैस ने कहा कि महिला आसिया बीबी को 2021 में ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, निवासियों ने दावा किया था कि आरोपित महिला ने कुरान के पन्ने जलाकर उसका अपमान किया। अवैस ने कहा कि न्यायाधीश ने बुधवार को पूर्वी शहर लाहौर में फैसले की घोषणा की। हालांकि, बीबी ने अपने मुकदमे के दौरान आरोप से इनकार किया था।

### ईसाई महिला को भी हुई थी सजा

इसी नाम की एक ईसाई महिला को पाकिस्तान में मौत की सजा पर आठ साल बिताने के बाद 2019 में ईशनिंदा से बरी कर दिया गया था। अपनी रिहाई के बाद इस्लामी चरमपंथियों से मिल रही मौत की धमकियों से बचने के लिए वह कनाडा चली गईं। बुधवार के मामले में एक अलग महिला शामिल थी। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों का कहना है कि ईशनिंदा के आरोपों का इस्तेमाल अक्सर धार्मिक अल्पसंख्यकों को डराने और व्यक्तिगत हिसाब बराबर करने के लिए किया जाता है।

इससे पहले मार्च में, पंजाब प्रांत के गुजरांवाला की एक अन्य अदालत ने इस्लाम के पैगंबर मुहम्मद का अपमान करने का दोषी पाते हुए दो अलग-अलग मामलों में एक 22 वर्षीय छात्र को मौत की सजा सुनाई और एक किशोर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

# अमेरिका में निकाली जाएगी राम मंदिर रथयात्रा 48 राज्यों के 851 मंदिरों के लगाएगी चक्कर

**वाशिंगटन,22 मार्च 2024।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण व श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारत के साथ विश्व भर में फैले हिंदू समुदाय में हर्ष है। इसी कड़ी में अमेरिका के शिकागो से 25 मार्च से राम मंदिर रथयात्रा शुरू होने जा रही है। यह वहां के 48 राज्यों के 851 मंदिरों में जाएगी। 48 दिनों तक चलने वाली यह यात्रा 8,000 मील से अधिक दूरी तय करेगी।

### भगवान राम और सीता समेत कई देवताओं की होंगी मूर्तियां

रथ यात्रा का समापन 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर इलिनोइस राज्य के शुगर ग्रोव में होगा। रथ यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) द्वारा किया जा रहा है। वीएचपीए के महासचिव अमिताभ मित्तल ने बताया कि रथ को टोयोटा सिएना वैन के ऊपर बनाया गया है। इसमें भगवान राम,



देवी सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां होंगी।

### 851 मंदिरों से गुजरेगी यात्रा

इसके साथ, अयोध्या के राम मंदिर का विशेष प्रसाद और प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत कलश भी होगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद विश्व के डेढ़ अरब हिंदुओं के मन में आस्था का प्रवाह बढ़ गया।

अमेरिका के अलावा कनाडा में भी अलग से रथ यात्रा निकाली जाएगी, जिसका आयोजन विश्व हिंदू परिषद और कनाडा द्वारा किया जाएगा। यह वहां 150 मंदिरों से गुजरेगी। हिंदू मंदिर सशक्तीकरण परिषद (एचएमईसी) की तेजल शाह ने कहा कि इस रथ यात्रा का उद्देश्य लोगों को हिंदू धर्म के प्रति जागरूक करना, शिक्षित करना और सशक्त करना है।

### अमेरिका में हिंदू समुदाय पहली बार निकालेगी ऐसी यात्रा

एचएमईसी अमेरिका के मंदिरों की शीर्ष संस्था है। तेजल ने कहा कि हमारे और हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए जागरूक होना और हिंदू धर्म के प्रचार प्रसार के लिए एकजुटता जरूरी है। यह रथ यात्रा सभी हिंदुओं को एकजुट होने का अवसर दे रही है।

रथ यात्रा अमेरिका के बड़े मंदिरों से ही बल्कि छोटे-छोटे मंदिरों से गुजरेगी। हम सभी मंदिरों में जाएंगे। अमिताभ मित्तल ने बताया कि यात्रा के आयोजन के लिए हमारे साथ बहुत से लोग जुड़ रहे हैं। अमेरिका में हिंदू समुदाय द्वारा आयोजित इस प्रकार की यह पहली यात्रा है।

# नाइजर में हुए आतंकवादी हमले में 23 सैनिकों की मौत;30 आतंकी भी ढेर

**नाइजर, 22 मार्च 2024।** पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर के उत्तर-पश्चिमी झोर में आतंकवादियों ने एक सैन्य टुकड़ी को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध गोलीबारी की। इस गोलीबारी में कम से कम 23 नाइजर सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य घायल हो गए। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### क्या है पूरा मामला ?

नाइजर सैनिकों की एक टुकड़ी उग्रवाद प्रभावित टिल्लाबेरी इलाके में एक ऑपरेशन से वापस लौट रही थी तभी अचानक वाहनों पर सवार होकर 100 से अधिक हथियारबंद आतंकवादियों ने सैन्य टुकड़ी पर ताबड़तोड़ हमला किया।





रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार देर रात एक बयान जारी कर बताया कि लगभग 30 आतंकवादी मारे गए हैं। बता दें कि पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर इस्लामिक उग्रवादियों से जूझ रहा है और पिछले 12 सालों में इसका प्रभाव माली के बाहर तक पहुंच गया है जिसमें हजारों लोग मारे गए हैं, जबकि लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। नागरिकों की रक्षा करने में सरकारों की विफलता के चलते साल 2020 से माली, बुर्किना फासो और नाइजर में तख्तापलट देखने को मिला। जिसकी वजह से इन देशों में अस्थिरता और अशांति का दौर चल रहा है।

# अमेरिका आने वाले भारतीय छात्र बरतें सतर्कता

**न्यूयार्क,22 मार्च 2024।** अमेरिका में भारतीय छात्रों पर लगातार हमले हो रहे हैं। इसे देखते हुए पेप्सीको की पूर्व सीईओ इंदिरा नूई ने सलाह दी है कि यहां आने वाले भारतीय छात्र सतर्कता बरतें। स्थानीय कानून को जानें और उनका पालन करें। उन्होंने कहा कि छात्र ड्रग्स की लत से बचें और अधिक शराब न पीयें। उनकी ओर से जारी वीडियो को भारतीय महावाणिज्य दूतावास की ओर से एक्स पर पोस्ट किया गया है।

### वीडियो जारी कर भारतीयों को चेताया

नूई ने वीडियो में कहा है कि यह इसलिए रिकार्ड कर रही हूं, क्योंकि मैं आप सभी से बात करना चाहती हूं। यह आप पर निर्भर है कि आप वह करें जिससे सुरक्षित रह सकें। रात के समय अंधेरे वाले इलाके में अकेले निकलने से बचें। आप अगर भारत से आ रहे हैं तो अपने विश्वविद्यालय का चुनाव भी सतर्कता से करें। यहां आने के बाद आप शुरुआती महीनों में अतिरिक्त सतर्क रहें। दोस्त भी सोच समझकर चुनें।



### कई भारतीय छात्रों की अमेरिका में हुई मौत

गौरतलब है कि इस साल कई भारतीय छात्रों की अमेरिका में मौत हो चुकी है। हाल ही में हैदराबाद का एक छात्र लापता भी है। ड्रग्स तस्करों ने उसका अपहरण कर लिया है और फिरौती मांगी है। फिरौती न देने पर उसकी किडनी बेचने की धमकी दी है।

# सूरजपुर जिला पुलिस ने लिया शांति समिति की बैठक

## होली त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर, 22 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

होली, ईद व गुड फ्राइडे पर्व को दृष्टिगत् रखते हुए प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में सर्व समुदाय के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों की शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में थाना-चौकी प्रभारियों के द्वारा होली त्यौहार की शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में गणमान्य नागरिकगण,जनप्रतिनिधि,समाज के जनप्रतिनिधयों से इस संबंध में आवश्यक सुझाव भी आमंत्रित किए गए। साथ ही कहा गया कि इन त्योहारों पर किसी भी प्रकार का विवाद ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी और लगातार पेट्रोलिंग पार्टी गश्त करते रहेगी।




बैठक में थाना-चौकी प्रभारियों ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगा हुआ है जिसका पालन करते हुए होली पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहाद्रपूर्ण ढंग से मनाए। होली में नशीले पदार्थ का सेवन न करें, किसी के ऊपर जबरन रंग न लगावें, ग्रीस एवं कांच युक्त रंगों का प्रयोग न करें, कोई भी अशोभनीय हरकत एवं शब्दों का प्रयोग न करें, यातायात नियमों का पालन करें, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न चलने, शराब का सेवन न करने, हुडदंग, शोर शराबा न करने, किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करें,



शहर/गांव में गाड़ियों में तेज आवाज में म्यूजिक चलाकर हुडदंग न करें एवं परिवर्तित दोपहिया वाहन साइलेंसर (तेज आवाज निकलने वाले फटाके की तरह) का प्रयोग न करें। वर्तमान में बोर्ड परीक्षाए चल रही है साउंड सिस्टम का उपयोग बिना अनुमति के न किया जाए तथा अनुमति प्राप्त होने पर धीमे आवाज में बजाया जाए। बैठक में दुपहिया वाहन में तीन सवारी, तेज चलाने वाले बाइकर्स, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के ऊपर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सुरक्षा में लगें सुरक्षा कर्मियों का सहयोग करें, होलिका दहन सुरक्षित स्थान पर करें, इलेक्ट्रिक खंबों एवं तारों का ध्यान रखें एवं एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें। बैठक में सभी ने भरोसा दिया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा।

# सैद्धांतिक प्रशिक्षण के साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दे:कलेक्टर

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,22 मार्च 2024
(घटती-घटना)।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार सिदार की उपस्थिति में आज लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मास्टर ट्रेनर्स को जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर ने समस्त मास्टर ट्रेनरों को सैद्धांतिक प्रशिक्षण के साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण देने कहा। व्यवहारिक प्रशिक्षण से अधिकारी कर्मचारी कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट तथा व्हीव्ही पैट मशीन की अच्छी जानकारी होती है। इसके साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान हैण्ड ऑन प्रशिक्षण भी कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि मतदान दलों का प्रशिक्षण तीन चरणों में किया जाना है। मतदान दल का सामान्य प्रशिक्षण 27 एवं 28 मार्च 2024, प्रथम चरण का प्रशिक्षण 3 एवं 4 अप्रैल 2024 को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 18 एवं 19 अप्रैल 2024 को तथा तृतीय चरण का प्रशिक्षण 29 एवं 30 अप्रैल 2024 को किया जायेगा।

जिसमें जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर संजीव कुमार के द्वारा पोस्टल बैलेट पेपर, ईडीसी जारी करने की प्रक्रिया,पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी प्राप्ति के फार्म, नियम,मतांकन सुविधा केन्द्र, वोटर्स की जानकारी तथा विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों की विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर एच.एम अन्सारी ने मतदान के दिन मतदान दल का क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। इसकी विस्तार से जानकारी दी, उन्होंने बताया कि मॉकपोल 90 मिनट पूर्व प्रारंभ करना है अभिकर्ता न हो तो 15 मिनट इंतजार करना है। मॉकपोल के समय सभी यूनिट को जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में बताया। प्रशासनिक व्यवस्था में सामग्री वितरण केंद्र एवं उपस्थित समय की जानकारी, नया आदेश सेक्टर से प्राप्त करना तथा सामग्री प्राप्ति काउंटर एवं वापसी सामग्री जमा करने के बारे में विस्तार से बताया। ईवीएम एवं सील पेपर, निविदत्त मत हेतु मतपत्र पीठासीन ही प्राप्त करें, इसके साथ ही उन्होंने सामग्री वापसी पर की जाने वाली कार्यवाही के बारे में बताया। मास्टर ट्रेनर को यह निर्देशित किया गया कि आप पीठासीन अधिकारी की हस्तपुस्तिका का गंभीरता पूर्वक अध्ययन कर मतदान दलों को कुशलतापूर्वक प्रशिक्षण दें। मतदान दलों द्वारा मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित सम्पन्न कराने में मास्टर ट्रेनर की अहम भूमिका होती है। वे जितने अच्छे ढंग से मतदान दलों को प्रशिक्षित करेंगे, उतनी ही अच्छे ढंग से स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होगी। सभी मास्टर ट्रेनर को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट की कार्यप्रणाली, मतदान मशीन में आने वाली त्रुटियां और उसका निवारण, मॉक पोल एवं वास्तविक मतदान के समय मशीनों का रिप्लेसमेंट नियम, पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक- 1, 2, 3 के कार्य को विस्तार से बताया गया। सभी मास्टर ट्रेनर से मतपत्र लेखा प्रारूप 17-ग की प्रविष्टि कराकर व्यवहारिक ज्ञान दिया गया। इस दौरान जिले भर के मास्टर ट्रनर्स उपस्थित रहे।

# राजनैतिक दलों का सुविधा पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण सम्पन्न

-संवाददाता-
बलरामपुर,22 मार्च 2024
(घटती-घटना)।






मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत राजनैतिक दलों द्वारा आयोजित सभा, रैली, नुक्कड़,वाहन,हेलिकॉप्टर एवं विभिन्न प्रकार की अनुमति दिये जाने हेतु कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजनैतिक दलों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि सुविधा पोर्टल द्वारा अनुमति हेतु 24 से 48 घण्टे पूर्व निर्धारित प्रारूप में प्रत्याशी व प्रत्याशी के अभीकर्ता को ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य होगा। साथ ही उन्हें जानकारी दी गई कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में हेलिकॉप्टर, वाहन/अंतर जिला वाहन एवं प्रत्याशी हेतु वाहन अनुमति जिला कार्यालय द्वारा एवं सभा रैली, जूलुस आदि की अनुमति हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अनुमति जारी किया जाएगा। उक्त आयोजित बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अपर कलेक्टर श्री इन्द्रजीत बर्मन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव, सहित नोडल अधिकारी ओ.आई.सी. उपस्थित रहे।

## प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित

# शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के छात्र भीष्म सिंह का अग्निवीर में हुआ चयन

-संवाददाता-
बलरामपुर,22 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के प्राचार्य श्री एन. के. देवांगन ने बताया कि महाविद्यालय के बी. ए. तृतीय वर्ष के छात्र भीष्म सिंह पिता घनश्याम सिंह का भारतीय थल सेना के अग्निवीर मे चयन हुआ है। भीष्म सिंह के चयन होने पर महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित है, प्राचार्य एन. के. देवांगन एवं एन. सी. सी. अधिकारी ने अग्निवीर भीष्म सिंह को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। परिजन एवं महाविद्यालय परिवार मे खुशी की लहर है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अन्य छात्र-छात्राओं को भीष्म सिंह का उदाहरण देकर अग्निवीर मे भर्ती होने एवं देश सेवा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री एन. के.सिंह, डॉ. अर्चना गुप्ता, एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्ट. अश्वनी कुमार विश्वकर्मा, श्री ओम शरण शर्मा, श्री योगेश राठौर, अन्य प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में किया गया टीबी दिवस का आयोजन

-संवाददाता-
बलरामपुर,22 मार्च 2024
(घटती-घटना)।




कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के निर्देशन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में विश्व टीबी दिवस मनाया गया। जिसमें असरफी देवी नर्सिंग कॉलेज के छात्र/छात्राओं के द्वारा निबंध, भाषण एवं पेन्टींग के द्वारा लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर जिला क्षय अधिकारी ने छात्र/छात्राओं को अपने आस-पास के क्षेत्रों में टीबी के बीमारी के प्रति जनजागरूकता फैलाने का प्रयास करने को कहा।

गौरतलब है कि टीबी के विनाशकारी सामाजिक आर्थिक और स्वास्थ्य परिणामों के संबंध में जागरूकता लाने तथा जिला बलरामपुर को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने की दिशा में वर्ष 2023 में जिले के 20 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किया गया है। साथ ही वर्ष 2023 में जिला क्षय उन्मूलन समिति के सामूहिक प्रयास से 16 हजार 484 संभावित टीबी मरीजों का जांच कराकर 816 टीबी मरीजों को उपचारित किया गया, साथ-साथ विशेष पिछड़ी जनजाति के 310 संभावित मरीजों का जांच कराया गया। जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में माईक्रोस्कोपी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दुनॉट के द्वारा एवं जिला चिकित्सालय में सीबीनॉट के द्वारा टीबी मरीजों का परीक्षण हेतु उन्नत किस्म का आधुनिक मशीन के माध्यम से जांच की सुविधा उपलब्ध है। वर्ष 2024 में जिले में 200 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे कि 2025 तक जिले के समस्त ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किया जा सके।


# एसईसीएल भटगांव में शत प्रतिशत मतदान के लिए चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



-संवाददाता-
सूरजपुर,22 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नोडल स्वीप के मार्गदर्शन में तथा सहायक नोडल अधिकारी स्वीप रोहित कुमार सोनी के नेतृत्व में आज एस.ई.सी.एल क्षेत्र भटगांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित शपथ का आयोजन किया गया। जिसमें एस.ई.सी.एल. के कर्मचारियों ने शत प्रतिशत मतदान करने का अपील किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भटगांव से एस. एस. धंगार एवं जिला कार्यालय से रोहित कुमार सोनी उपस्थित थे।

# उदयपुर का रायता हिल्स, जो है बजट में दोस्तों के साथ घूमने-फिरने के लिए बेहतरीन जगह




**नई दिल्ली। अगर आपको घूमने-फिरने का बहुत शौक है,लेकिन नॉर्मल जगहों से हटकर कोई नई और एडवेंचर से भरी जगह को एक्सप्लोर करने की सोच रहे हैं,तो ऐसी जगहों की भारत में कोई कमी नहीं। आज हम ऐसे ही एक डेस्टिनेशन के सफर पर चलेंगे। इस जगह का नाम है रायता हिल्स,जो उदयपुर जिले की गिरवा तहसील में स्थित है। उदयपुर,राजस्थान का बहुत ही शानदार शहर है। राजस्थान से जुड़ी किसी भी जगह का जिक्र होने पर किले व महलों का ही ख्याल आता है, लेकिन रायता हिल्स में आपको कुछ अलग देखने को मिलेगा। यहां बसी प्राकृतिक खूबसूरती आपको कर देगी मंत्रमुग्ध...**

## इसलिए खास है रायता हिल्स

उदयपुर के एक छोटे से गांव में बसी है यह जगह। इस गांव की आबादी सिर्फ 650 है और लगभग 150 घर यहां है। स्थानीय निवासियों से ज्यादा ये जगह पर्यटकों से भरी रहती है। चारों ओर फैली हरियाली, खुशनुमा मौसम यहां की सबसे बड़ी खासियत हैं। वैसे रायता हिल्स एक नेचुरल रिजर्व एरिया भी है। यहां की पहाड़ियां और घास के मैदान को देखकर आपको लगेगा ही नहीं कि आप राजस्थान के किसी जगह आए हैं। हिल स्टेशन्स पर सूर्योदय और सूर्यास्त का नजारा ऐसा होता है, जिसे आप कैमरे में कैद किए बिना रह ही नहीं सकते। सूर्योदय और सूर्यास्त के समय यहां ऐसा लगता है जैसे पहाड़ों पर किसी ने पीली चादर बिछा दी हो। अगर आप शांति और सुकून की तलाश में हैं, तो ये एक शानदार जगह है।

## कब जाएं घूमने?

रायता हिल्स का मौसम साल के ज्यादातर महीने ठंडा ही रहता है, लेकिन हां, बारिश के मौसम में यहां घूमने की प्लानिंग बेस्ट रहेगी, क्योंकि उस दौरान यहां की वादियां हरियाली की चादर ओढ़ लेती हैं। नीचे हरा मैदान, ऊपर नीला आसमान आपको अलग ही दुनिया में होने का एहसास कराते हैं। इस जगह में घूमने के बहुत ज्यादा ठिकाने नहीं, लेकिन फिर भी आप यहां आकर एन्जॉय कर सकते हैं। दोस्तों के अलावा ये जगह कपल्स के लिए भी बेस्ट है। अगर आप सोलो ट्रैवलर हैं, तो भी यहां प्लान कर सकते हैं।



# पिता की हत्या कर फेंकी लाश,पत्नी ने भी दिया साथ...बेटा-बहू गिरफ्तार

-संवाददाता-
बैकुंठपुर/जनकपुर,22 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

एक युवक की 20 मार्च की दोपहर उसके पिता से विवाद हो गया। इससे गुस्साए बेटे ने सिलबट्टे के लोढ़े से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद पत्नी के साथ मिलकर उसका शव घर से दूर फेंक दिया। फिर पुलिस को गुमराह करने वह खुद थाने पहुंच गया और पिता की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। इस मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे व उसकी पत्नी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एमसीबी जिले के भरतपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भगवानपुर खचखरीपारा निवासी अजय कुमार पिता श्यामलाल ने 21 मार्च की सुबह थाने में अपने पिता की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया कि 20 मार्च की सुबह उसके पिता घर से निकले थे लेकिन रात तक नहीं लौटे। 21 मार्च की सुबह वह जब शौच के लिए जंगल की ओर जा रहा था तो घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर उसके पिता की लाश एक पेड़ के पास पड़ी दिखाई दी। पिता के सिर, कनपटी और आंख में चोट के निशान थे। यह बात उसने अपने मां व पत्नी को बताया। वहीं चौकीदार संतोष के साथ वह रिपोर्ट लिखाने आया है। इस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरु की।



### बेटे ने ही की थी हत्या

इस मामले में पुलिस ने अपनी जांच आगे बढ़ाई तो मृतक के बेटे पर ही शक हुआ। पुलिस ने जब उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु की तो उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। आरोपी ने पुलिस को बताया कि शराब के नशे में उसके पिता आए दिन विवाद करते रहते थे। 20 मार्च की दोपहर वे शराब के नशे में घर आए थे। इसके बाद मुझसे व मेरी पत्नी से गाली-गलौज व मारपीट करने लगे। इस दौरान गुस्से में उसने लोढ़ा (सिल-बट्टा) से सिर पर प्रहार कर दिया, इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद पत्नी के साथ शव को घर से दूर फेंक दिए थे। मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे व बहू को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

### 2 बच्चों की जिम्मेदारी दादी पर

आरोपी ने पिता की हत्या करने के बाद पुलिस को गुमराह करने साजिश रची थी, लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो सका। आरोपी के 3 बच्चे हैं। सबसे छोटे बच्चे को लेकर मां जेल चली गई। अब बचे 2 बच्चों की जिम्मेदारी बूढ़ी दादी पर आ गई है।

## साइबर सेल एवं थाना दर्री की संयुक्त कार्यवाही में फर्जी सीबीआई अधिकारी गिरफ्तार



-संवाददाता-
कोरबा,22 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

जिला पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 एवं होली त्यौहार के मद्देनजर कराये जा रहे वाहन चेकिंग/संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दिये निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान व नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविन्द्र मीणा के मार्गदर्शन पर साइबर सेल कोरबा एवं थाना दर्री पुलिस को मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि काला रंग का फुल आस्तीन टी-शर्ट एवं काला रंग का फुल पैंट पहन कर गेरवाघाट की ओर से सत्यनारायण रात्रे नमक व्यक्ति जो अपने आप को सी.बी.आई. अधिकारी बताता है सूचना पर पुलिस की टीम के द्वारा प्रगति नगर दर्री के पास आकस्मिक वाहन चेकिंग / संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच एक संदिग्ध व्यक्ति उम्र लगभग 27-28 वर्ष मजबूत कद काठी का जो काला रंग का फुल आस्तीन टी शर्ट एवं काला रंग फुल पैंट पहना गेरवाघाट की ओर से आ रहा था। जिसे रोककर पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम सत्यनारायण रात्रे उर्फ चाकनू पिता दाऊरा उम्र 28 साल निवासी कुलीपोटा थाना कोतवाली जॉजगीर चांपा का होना बताते हुए सीबीआई में पदस्थ होना बताया। जिसे समक्ष गवाहन गंभीरता से पूछताछ करने पर आई कार्ड सेन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इनवेस्टीगेश (भारत सरकार सत्यमेव जयते) नाम सत्या रात्रे एजेंट कोड नबर एच. क्यू. 21228/6459 पेश किया, जिसे तस्दीक करने पर फर्जी आई कार्ड होना पाया गया। आरोपी सत्य नारायण रात्रे उर्फ चाकनू का कृत्य प्रथम दृष्टिया धारा 170, 419, 465, 467, 468, 471 भादवि का पाये जाने से अपराध कमांक 94/24 दर्ज कर आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल कटघोरा भेजा गया है।

## नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं की मदद करने प्रशासन तत्पर, जिले में ही मिलेगी कोचिंग की सुविधा:कलेक्टर

**छात्र-छात्राओं के लिए सुनहरा मौका, कलेक्टर श्री भोस्कर की अभिनव पहल पर जिले में ही 28 मार्च से शुरू होगी नीट परीक्षा के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग की सुविधा, 150 सीटों के लिए पंजीयन जारी, निजी स्कूलों के इच्छुक छात्र-छात्राएं भी करा सकते हैं**




-संवाददाता-
अंबिकापुर,22 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर विलास भोस्कर की प्राथमिकताओं में शामिल शिक्षा व्यवस्था में एक अभिनव पहल की जा रही है। जिले में कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले और नीट परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र छात्राओं की परीक्षा की तैयारी में मदद करने के लिए जिला स्तर पर निःशुल्क आवासीय कोचिंग की शुरुआत की जा रही है। कलेक्टर श्री भोस्कर ने इस पहल पर मंशा जताई है कि नीट परीक्षा की तैयारी के लिए जिले के छात्र छात्राओं को प्रशासन से मदद मिले जिसमें विशेष रूप से आर्थिक कमजोर छात्र छात्राओं को कोचिंग की सुविधा मिल सके और वे मन लगाकर तैयारी कर सकें। इस व्यवस्था का उद्देश्य बच्चों को परीक्षा की तैयारी के लिए संसाधन और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कोचिंग कक्षाओं की अवधि 28 मार्च से 04 मई निर्धारित की गई है। कोचिंग का आयोजन जिला स्तर पर निःशुल्क और आवासीय होगा। जिला स्तर पर कोचिंग स्थल शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोचिंग हेतु निर्धारित किया गया है। जिले में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पदस्थ व्याख्याताओं में से अनुभवी व्याख्याताओं का चयन किया गया है। कोचिंग का समय सुबह 7.30 से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान और वनस्पति विज्ञान प्रत्येक विषय हेतु एक कालखंड एवं विषयगत शंका समाधान हेतु एक कालखंड निर्धारित होगा। पाक्षिक अध्यापन का मूल्यांकन किया जाएगा जिसके विश्लेषण के आधार पर अगले पाक्षिक के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी। यह कार्य संबंधित विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। पूरी कोचिंग अवधि में तीन बार टेस्ट होंगे जिसमें छात्र छात्राओं की प्रोग्रेस दर्ज होगी। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 80 बच्चों का पंजीयन किया गया।

### कोचिंग हेतु पंजीयन के लिए क्या करना होगा

जिला प्रशासन द्वारा शुरू की जा रही निःशुल्क आवासीय कोचिंग में शासकीय स्कूलों के साथ ही निजी स्कूलों के छात्र-छात्राएं भी पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए छात्र छात्राएं अंबिकापुर के मल्टीपरपज स्कूल परिसर स्थित राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के कार्यालय में पहुंचकर संपर्क कर सकते हैं। पंजीयन के लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं को अपने साथ अपनी पासपोर्ट साइज फोटो,आधार कार्ड और पिछली कक्षा की मार्कशीट की छायाप्रति लानी होगी। मार्कशीट में यदि 12 वीं उत्तीर्ण कर चुके हैं तो 12 वीं की मार्कशीट लानी होगी। यदि इस वर्ष 12 वीं की परीक्षा दी है तो 11 वीं उत्तीर्ण की मार्कशीट लानी होगी।

## सार्वजनिक व निजी संपत्तियों के वॉल राइटिंग, पोस्टर व बैनर पर लगातार कार्यवाही जारी



-संवाददाता-
सूरजपुर,22 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावशील होने के बाद से संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से वॉल राइटिंग, पोस्टर,बैनर एवं अन्य से संबंधित हटाने की कार्यवाही गति से जारी है। प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार जिले में सार्वजनिक संपत्तियों से वॉल राइटिंग, पोस्टर, बैनर एवं अन्य से संबंधित 3 हजार 490 और निजी संपत्तियों से वॉल राइटिंग,पोस्टर, बैनर एवं अन्य से संबंधित 556 प्रकरणों पर कार्यवाही की गई है।



## सूकर पालक अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण करायें
## स्वाइन फीवर नियंत्रण के लिए टीकाकरण अभियान 30 तक

-संवाददाता-
कोरिया,22 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया, 22 मार्च 2024/पशु चिकित्सा सेवायें के उप संचालक ने बताया कि जिले के समस्त सूकर पालकों को होने वाले पशुधन की क्षति के बचाव हेतु पशुधन विकास विभाग द्वारा क्लासिकल स्वाईन फिवर नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन 15 मार्च से 30 मार्च 2024 तक किया जा रहा है। जिसके तहत सूकर पालकों से आग्रह किया जाता है कि वे अपने सूकरों में अधिक से अधिक संख्या में स्वाइन फिवर का टीकाकरण एवं टैगिंग का कार्य शत-प्रतिशत करायें एवं टीकाकरण में सावधानी बरतें। बता दें की टीकाकरण के पूर्व कृमिनाशक दवापन कराना आवश्यक है, 3 माह के उपर के सूकरों को टीकाकरण अवश्य कराएं साथ ही बीमार या पूर्व से ग्रसित बीमार सूकरों को टीका न लगवायें। गर्भावस्था के अंतिम चरण यानी आखिर 40 दिनों के दौरान में मादा सूकरों का टीकाकरण न करवाएं तथा कुपोषित, त्वजा रोग से ग्रसित और परजीवी से ग्रसित सूकरों का टीकाकरण न करवाए।



## शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

-संवाददाता-
कोरबा 22 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा,बुजुर्ग,महिला,पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक,रैली,नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय इंजीनियर विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय (ईव्हीपीजी) कोरबा में महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप नारा लेखन (स्वीप सांग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वीप नारा लेखन प्रतियोगिता में छात्रा श्वेता कोसले ने प्रथम स्थान, छात्रा सरोजनी साहू ने द्वितीय स्थान एवं गीतिका यादव एवं काजल कोसले ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। मतदाता जागरूकता आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने युवा हो तुम देश की शान,उठो जागो और करो मतदान। देश के विकास में दे अपना योगदान, हर हाल में करना अपना मतदान। ÷एक मतदान में है इतनी शक्ति, नींव रखें जो अच्छे जीवन की। हर घर जाकर यही बताना, मतदान का लक्ष्य समझाना। जागो-जागो हे मतदाता,तुम भारत के भाग्य विधाता। हम सब ने यह ठाना है, मतदाताओं को मतदान दिलवाना है का प्रतियोगिता के माध्यम से स्वीप नारा लिखकर मतदाता जागरूकता का संदेश प्रसारित किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्या डॉ. श्रीमती रेणु बाला शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों को लोकसभा चुनाव में अनिवार्य मतदान हेतु शपथ दिलाई। गृह विज्ञान के विभागाध्यक्ष एवं एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी अजय पटेल ने युवा मतदाताओं को स्वयं जागरूक होने के साथ साथ परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के दिन अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ श्रीमती पूर्णिमा साहू,श्रीमती अमोला कोर्राम, श्रीमती रीतू सिन्हा कन्हैया सिंह कँवर,ग्रंथपाल दीपक टेकाम,राजकुमार शाह एवं विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर जिला सरगुजा, (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधा जायसवाल पत्नी विरेन्द्र कुमार जायसवाल जाति जायसवाल निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 2177/6 रकबा 0.028 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, नक्शा , ले-आउट, सेटलमेन्ट,भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र,रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस नयायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 08/04/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय (रा0)
अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर जिला सरगुजा, (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूर्णिमा पाण्डेय आ0 राकेश रंजन पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम जगदीशपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 78/12 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, नक्शा , पंचायत प्रस्ताव, पत्र,रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस नयायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 08/04/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय (रा0)
अम्बिकापुर

# पीबीकेएस/डीसी आईपीएल के दूसरे मैच में ऋषभ पंत और शिखर धवन की होगी टक्कर

**चंडीगढ,22 मार्च 2024।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में आज, 23 मार्च को 17वें सीजन का पहला डबल हेडर खेला जाएगा। शनिवार को दिन का पहला मैच पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा, जबकि दूसरा मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।

पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले के साथ आईपीएल 2024 में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए तैयार है। दोनों टीमें 23 मार्च, शनिवार को दोपहर 3:00 बजे से मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, चंडीगढ़ में आमने-सामने होंगी। शिखर धवन आईपीएल 2024 में पंजाब किंग्स का नेतृत्व करते हैं। वहीं दिल्ली की कमान ऋषभ पंत संभालेंगे।

यह सीजन डीसी के लिए विशेष होगा, क्योंकि दिसंबर 2022 के बाद पहली बार ऋ षभ पंत एक्शन में वापस आएंगे। यह देखना दिलचस्प है कि वह कैसा प्रदर्शन करते हैं, इस तथ्य को देखते हुए कि उन्हें कुछ गंभीर चोटें लगी हैं। पंत को डीसी का कप्तान भी बनाया गया है, जो एक दिलचस्प कदम है। दूसरी ओर, पीबीकेएस का नेतृत्व शिखर धवन कर रहे हैं, जो लंबे समय से एक्शन से दूर हैं। उन्होंने भारत के लिए



आखिरी मैच 2022 में खेला था। दोनों टीमों में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं। डीसी के पास डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, पंत, एनरिक नॉर्टजे, ईशांत शर्मा आदि जैसे खिलाड़ी हैं। पीबीकेएस में लियाम लिविंगस्टोन, धवन, सैम करन, जितेश शर्मा, नाथन एलिस, हर्षल पटेल, जॉनी बेयरस्टो, सिकंदर रजा, अर्शदीप सिंह, कैगिसो रबाडा आदि जैसे खिलाड़ी हैं। दोनों टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबले की उम्मीद की जा सकती है।

### दिल्ली बनाम पंजाब मैच की पिच रिपोर्ट

मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम आईपीएल में अपने पहले मैच की मेजबानी करेगा। हालांकि, आयोजन स्थल पर खेले जाने वाले मैचों में विकेट धीमा होने की उम्मीद है। यहां गेंदबाजों को अपनी लाइन और लेंथ में सटीक रहने की जरूरत है। यह स्टेडियम पहले भी घरेलू खेलों की मेजबानी कर चुका है। यहां बल्लेबाजों को रन बनाने में कठिनाई हुई है। ऐसे में मैच कम स्कोर वाला होने की उम्मीद है।

### दिल्ली बनाम पंजाब मैच की वेदर रिपोर्ट

आईपीएल 2024 का पीबीकेएस बनाम डीसी मुकाबला शनिवार, 23 मार्च को चंडीगढ़ में होगा। वेदर डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को चंडीगढ़ शहर का तापमान दिन के दौरान 34 डिग्री सेल्सियस और रात में 19 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा। दिन में आसमान साफ रहेगा लेकिन रात में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। दिन और रात में बारिश की संभावना नहीं है।

### पीबीकेएस फुल स्क्वॉयड 2024

शिखर धवन (कप्तान), हरप्रीत भाटिया, रिले रोसौव, शशांक सिंह, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायदे, ऋषि धवन, सैम कुरेन, सिकंदर रजा, शिवम सिंह, क्रिस वोक्स , आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ सिंह, तनय त्यागराजन, हर्षल पटेल, हरप्रीत बराड़, अर्शदीप सिंह, कगिसो रबाडा, नाथन एलिस, राहुल चाहर, विधाथ कावेरप्पा और प्रिंस चौधरी।

### दिल्ली कैपिटल्स फुल स्क्वॉयड 2024

ऋषभ पंत (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाई होप, पृथ्वी शॉ, हैरी ब्रूक, यश ढुल, स्वास्तिक चिकारा, डेविड वार्नर, प्रवीण दुबे, अक्षर पटेल, मिशेल मार्श, ललित यादव। विक्की ओस्टवाल, सुमित कुमार, एनरिक नॉर्टजे, मुकेश कुमार, खलील अहमद, कुलदीप यादव, इशांत शर्मा, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, झाय रिचर्डसन, रसिख सलेम।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जीटी स्क्वॉयड में बीआर शरत राजस्थान रॉयल्स में शामिल हुए तनुष कोटियन



**नई दिल्ली,22 मार्च 2024।** आईपीएल 2024 दो टीमों गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स में एक-एक बदलाव हुए हैं। जहां गुजरात में विकेटकीपर रॉबिन मिंज की जगह बीआर शरत शामिल हुए हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स में एडम जम्पा की जगह तनुष कोटियन जुड़े हैं।

रॉबिन मिंज को जीटी ने आईपीएल नीलामी में 3.60 करोड़ रुपये में खरीदा था। लेकिन इसी महीने की शुरुआत में उनका एक्सीडेंट हो गया था। उनकी सुपरबाइक कंट्रोल से बाहर हो गई थी और वो इस हादसे में बुरी तरह घायल हुए हैं। इसी कारण मिंज आईपीएल से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह कर्नाटक की तरफ से खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज बीआर शरत टीम में शामिल हुए हैं। शरत ने अब तक 20 टी20 खेले हैं जिनमें उन्होंने 43 लिस्ट ए और 20 फर्स्ट क्लास मैच भी खेले हैं।

इसके साथ ही राजस्थान ने लेग स्पिनर एडम जम्पा की जगह तनुष कोटियन को टीम में शामिल किया है।

### जसप्रीत बुमराह आईपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस कैंप में शामिल हुए

**मुंबई,22 मार्च 2024।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शुक्रवार को आगामी सत्र से पहले पांच बार की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विजेता मुंबई इंडियंस (एमआई) के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। आईपीएल 2023 में, पीठ में तनाव की चोट के कारण बुमराह टूर्नामेंट से चूक गए।



स्टार पेसर ने टूर्नामेंट के 2013 सीज़न में मुंबई स्थित फ्रेंचाइजी के साथ अपनी शुरुआत की, इसके बाद, उन्होंने 120 मैचों में भाग लिया, जिसमें उन्होंने 7.4 की इकॉनमी रेट से 145 विकेट हासिल किए।

## भुवनेश्वर कुमार आईपीएल 2024 से पहले नेट्स पर पसीना बहा रहे

**कोलकाता,22 मार्च 2024।** स्टार तेज गेंदबाज सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) भुवनेश्वर कुमार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन से पहले नेट प्रैक्टिस के दौरान देखा गया।हैदराबाद शनिवार को प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में कोलकाता स्थित फ्रेंचाइजी के खिलाफ अपनी आईपीएल 2024 यात्रा की शुरुआत करेगा। हैदराबाद स्थित फ्रेंचाइजी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर नेट सत्र से 34 वर्षीय गेंदबाज के गेंदबाजी आक्रमण की एक छोटी क्लिप साझा की। एसआरएच ने क्लिप साझा करते हुए एक्स पर लिखा, ÷कविता इन मोशन फीट भुवी।

आईपीएल 2024 सीज़न से पहले, एसआरएच ने वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज ब्रेन लारा से नाता तोड़ लिया और आगामी सीज़न के लिए न्यूजीलैंड



के पूर्व स्पिनर डैनियल विटोरी को टीम के मुख्य कोच के रूप में लाया। हाल ही में उन्होंने एडेन मार्कराम को हटाकर आगामी सीजन के लिए पैट कमिंस को कप्तानी सौंपी है।

एसआरएच फ्रेंचाइजी ने अब तक आईपीएल में केवल एक ही खिताब जीता है और वह 2016 में ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के नेतृत्व में था। उसके बाद, वे न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन के नेतृत्व में 2018 संस्करण के फाइनल में पहुंचे जहां वे चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से हार गए। हैदराबाद की टीम ने आईपीएल 2024 की नीलामी से पहले हैरी ब्रूक, कार्तिक त्यागी, आदिल राशिद, अकील होसैन और समर्थ व्यास जैसे खिलाड़ियों को रिलीज़ कर दिया और मयंक डागर को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में ट्रेड कर लिया और शाहबाज़ अहमद को उनसे ले लिया। आईपीएल 2024 की नीलामी में, एसआरएच ने कमिंस को रुपये में खरीदा।

## श्रीकांत-रजावत क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली,22 मार्च 2024।**दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापानी युवा खिलाड़ी से हार गई जबकि लक्ष्य सेन को प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के ली चिया हाओ ने हराया। भारत के किदाम्बी श्रीकांत, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज अपने अपने मुकाबले जीतकर पुरूष एकल वर्ग में क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में बाहर हुई सिंधू को जापान की 17 वर्ष की जूनियर विश्व चैम्पियन तोमोका मियाजाकी के हाथों 21.16, 19 . 21 , 16 . 21 से पराजय झेलनी पड़ी। वहीं सेन को सिर्फ 38 मिनट में ली चिया हाओ ने 21 . 17, 21 . 15 से हराया। श्रीकांत ने मलेशिया के दूसरी वरीयता प्राप्त ली जि जिया को 21 . 16, 21 . 15 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि राजावत ने चीन के लेइ ला शि को 21 . 14, 21 . 13 से हराया। जॉर्ज ने फ्रांस के एलेक्स लेनियर को 18 . 21, 22 . 20, 21 . 18 से मात दी। श्रीकांत का सामना ली चिया हाओ से होगा जबकि राजावत अब चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन से खेलेंगे।

## आईपीएल में दिव्यांग दर्शकों के लिए साइन लैंग्वेज में होगी कमेंट्री

**मुंबई,22 मार्च 2024।** आईपीएल 2024 में बधिर, कम सुनने वाले और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए साइन लैंग्वेज में कमेंट्री होगी। आईपीएल 2024 के आधिकारिक ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने इंडिया साइनिंग हैंड्स (आईएसएच न्यूज) के सहयोग से और बीसीसीआई के समर्थन से लीग में भारतीय सांकेतिक भाषा फ़ीड की शुरुआत की घोषणा की। यह फ़ीड उन विशेषज्ञों के परामर्श से भारतीय सांकेतिक भाषा का उपयोग करके गेंद-दर-गेंद अपडेट प्रदान करेगी, जिन्हें इंडिया साइनिंग हैंड्स की मदद से शुरू किया जा रहा है। जो बात इसे और भी खास बनाती है, वह है दृष्टिबाधित प्रशंसकों के साथ जुड़ने की इसकी क्षमता, जिसमें कमेंटेटर नियमित मौखिक स्कोर अपडेट के साथ खेल के हर पल का वर्णन करते हैं।

भारतीय बधिर क्रिकेट टीम के कप्तान वीरेंद्र सिंह आईपीएल का पहले जैसा अनुभव लेने के लिए तैयार हैं और




दोस्तों और परिवार के साथ इसका पूरा आनंद लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ÷मैं बचपन से क्रिकेट देखता हूं। मुझे बहुत दिलचस्पी है, मेरी बधिर टीम को बहुत दिलचस्पी है। मेरे बधिर दोस्त, परिवार के सदस्य सभी क्रिकेट देखते हैं और क्रिकेट भी खेलते हैं। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि हम आईपीएल का भरपूर आनंद लेंगे। डिज़्नी स्टार के खेल प्रमुख, संजोग गुप्ता ने कहा,स्टार स्पोर्ट्स ने हमेशा क्रिकेट तक पहुंच बढ़ाने और इसे प्रशंसकों के नए समूहों तक ले जाने में विश्वास किया है। क्षेत्रीय कवरेज में हमारा अग्रणी प्रयास एक बड़े पैमाने पर पहुंच गया है और आधुनिक क्रिकेट प्रसारण को परिभाषित किया है। अब इस पहल के साथ, हम उन प्रशंसकों को संबोधित करना चाहते हैं, जो क्रिकेट के संपूर्ण अनुभव से वंचित हैं। सुनने में अक्षम प्रशंसकों के लिए टाटा आईपीएल 2024 में भारतीय सांकेतिक भाषा और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए वर्णनात्मक कमेंटरी की शुरुआत के साथ कमेंट्री की भाषा ने समावेशिता में एक नई छलांग लगाई है।

## भारतीय एमेच्योर टीम 44 वें क्वीन सिरिकिट कप में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार

**नई दिल्ली,22 मार्च 2024।** विधात्री उर्स, ज़ारा आनंद और हीना कांग की भारतीय एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ियों की तिकड़ी शुरू होने वाले क्वीन सिरिकिट कप के लिए न्यूजीलैंड, क्राइस्टचर्च में क्लियरवॉटर गोल्फ क्लब में धूम मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। तीन महिला एमेच्योर को भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) द्वारा उनके प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के वार्षिक कैलेंडर के हिस्से के रूप में भेजा गया है, जिसे भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। आईजीयू ने इस आयोजन के लिए सुनीता कटारिया को टीम मैनेजर नियुक्त किया है।दिलचस्प बात यह है कि अवनि प्रशांत, विधात्री और निश्ना पटेल की भारतीय एमेच्योर टीम पिछले साल मनीला में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अभूतपूर्व उपविजेता रही थी। इसके अलावा, अवनि ने व्यक्तिगत खिताब जीत कर 43 साल का इंतजार खत्म किया था।

ज़ारा, जो पिछले साल दिल्ली गोल्फ क्लब में राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश की रजत पदक विजेता टीम का हिस्सा थी, न्यूजीलैंड में इस आयोजन के 44 वें संस्करण में अपनी पहली उपस्थिति के लिए उत्साहित है। क्राइस्टचर्च में प्रैक्टिस के दौरान ज़ारा ने कहा, मैं पहली बार क्वीन सिरिकिट कप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। भारतीय टीम पिछले साल उपविजेता रही थी जिससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिला है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमारी टीम न्यूजीलैंड में यादगार प्रदर्शन करेगी।जारा हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर टूर्नामेंट के छठे चरण में भारत के सबसे कठिन कोर्स डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम में पिछले हफ्ते छठे स्थान पर रही, जिसमें विधात्री ने शीर्ष-5 में जगह बनाई, जिससे यह जोड़ी अच्छी स्थिति में रहेगी।

## पेरिस ओलंपिक ने मैरी कॉम को भारत का शेफ डी मिशन नियुक्त किया

**नई दिल्ली,22 मार्च 2024।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और कई बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज, एमसी मैरी कॉम को आगामी पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए भारत का शेफ डी मिशन नियुक्त किया गया है। टेबल टेनिस स्टार अचंता शरथ कमल को मेगा खेल तमाशे के ध्वजवाहक के रूप में नामित किया गया है। इस बीच, शीतकालीन ओलंपियन शिव केशवन को डिप्टी शेफ डी मिशन के रूप में नियुक्त किया गया है, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कहा। भारतीय ओलंपिक संघ को आगामी पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में भारत के दल के लिए प्रमुख अधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। आईओए ने एक बयान में कहा, ये नियुक्तियां अनुभव, विशेषज्ञता और नेतृत्व के मिश्रण का प्रतिनिधित्व करती हैं जो वैश्विक मंच पर हमारे एथलीटों की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देगी।



शेफ डी मिशन के रूप में प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कोई और नहीं बल्कि प्रतिष्ठित मुक्केबाज मैरी कॉम करेंगी। खेल के प्रति उनका अद्वितीय समर्पण और प्रेरक यात्रा उन्हें ओलंपिक में हमारे एथलीटों का मार्गदर्शन और मार्गदर्शन करने के लिए एक स्वाभाविक पसंद बनाती है। इस महत्वपूर्ण भूमिका में मैरी कॉम की सहायता के लिए डिप्टी शेफ डी मिशन के रूप में नियुक्त शिव केशवन होंगे। ल्यूज के पूर्व ओलंपियन केशवन टीम के प्रबंधन और समन्वय प्रयासों का समर्थन करने के लिए अनुभव और ज्ञान का खजाना लेकर आते हैं।

शूटिंग गांव के संचालन की देखरेख के प्रभारी गगन नारंग होंगे, जो एक प्रसिद्ध शूटिंग चैंपियन और भारतीय खेल समुदाय में एक सम्मानित व्यक्ति हैं। आईओए ने लंदन में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में 2012 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता के बारे में कहा,उनका सावधानीपूर्वक दृष्टिकोण और एथलीट की जरूरतों की समझ हमारे निशानेबाजों के लिए अनुकूल माहौल सुनिश्चित करेगी।÷

## श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर की वापसी हॉरर-कॉमेडी कपकपी के साथ,मोशन पोस्टर हुआ रिलीज

एक्टर श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर की जोड़ी फिर एक फिल्म में साथ दिखाई देने वाली है। उनकी नई मूवी कपकपी' का एलान हो गया है। अब इसी बीच हॉरर कॉमेडी फिल्म कपकपी' का मोशन पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। साथ ही फिल्म से जुड़ी कई जानकारी फैंस के साथ शेयर की गई है।आपको बता दें कि क्या कूल हैं हम' और अपना सपना मनी मनी' जैसी




फिल्मों का निर्देशन कर चुके डायरेक्टर संगीथ सिवन ने फिल्म की कमान संभाली है। वहीं, सौरभ आनंद और कुमार प्रियदर्शी ने इसकी स्क्रिप्ट लिखी है। जयेश पटेल के ब्रावो एंटरटेनमेंट के बैनर तले कपकपी' को प्रोड्यूस किया गया है। अब इसी बीच एक्टर श्रेयस तलपड़े ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर इसका मोशन पोस्टर शेयर किया है, जिसे देखने के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं। मोशन पोस्टर शेयर करते हुए श्रेयस ने कैप्शन भी दिया है, जिसमें उन्होंने लिखा, कपकपी हॉरर और कॉमेडी का एक संयोजन जो आपने पहले कभी नहीं देखा है! हँसी! काँपना! हँसी! काँपना! दोहराना! जब आप कहते हैं कि स्त आत्मजीदर्शनदोना फिलहाल मेकर्स ने कपकपी की रिलीज डेट से पर्दा नहीं उठाया है. ।श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर के अलावा इस फिल्म में सोनिया राठी, सिद्धि इदनानी, जय ठक्कर, वरुण पांडे, धीरेंद्र तिवारी, दिनकर शर्मा और अभिषेक कुमार भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। कपकपी के अलावा श्रेयस जल्द लव यू शंकर' में भी दिखाई देने वाले हैं, जो इसी साल अप्रैल में रिलीज होगी। वहीं, उनकी गोलमाल 5' और इमरजेंसी भी पाइपलाइन में है।

## गोल्डन ड्रेस में प्रज्ञा जायसवाल ने बिखेरे हुस्न के जलवे

कांचे ब्यूटी प्रज्ञा जैसवाल अपनी खूबसूरती से मंत्रमुग्ध कर रही हैं। लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करने से फैंस के बीच गर्मी बढ़ जाएगी।कांचे ब्यूटी प्रज्ञा जयसवाल को उनकी खूबसूरती के बावजूद मौके नहीं मिल रहे हैं। हाल ही में इस हसीना ने एक बार फिर हॉट बम फोड़ा है. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इन तस्वीरों में प्रज्ञा गोल्डन ड्रेस में नजर आ रही हैं। इस महिला की खूबसूरती पर लोग फिदा हैं। प्रज्ञा जायसवाल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म खेल खेल में को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में प्रज्ञा अक्षय के साथ आने वाली हैं। प्रज्ञा अपनी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दे रही हैं। प्रज्ञा ने अपने लुक को पूरा करने के लिए खुला रखा हैं, सोशल मीडिया पर उनकी नई तस्तीरें काफी वायरल हो रही हैं। प्रज्ञा दिन-ब-दिन ग्लैमर का डोज बढ़ाती जाती है। इसके तहत वह हॉट फोटोशूट कराकर लोगों को आकर्षित करती हैं। ये हसीना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है. अगर वह कोई पोस्ट डालती हैं तो वह सेकेंडों में वायरल हो जाता है. प्रज्ञा पन्ना हरे रंग की बालियां जैसे सहायक उपकरण चुनकर निर्दोष समन्वय का प्रदर्शन करती है जो पीले गाउन के साथ मेल खाते हैं।गाउन का बैकलेस डिज़ाइन प्रज्ञा के लुक में परिष्कार



और आकर्षण का स्पर्श जोड़ता है।गाउन का चमकीला पीला रंग प्रज्ञा की त्वचा के रंग से पूरी तरह मेल खाता है, जिससे उसकी प्राकृतिक सुंदरता और चमक बढ़ जाती है।प्रज्ञा का चमकदार मेकअप उसकी विशेषताओं को बढ़ाता है और उसके समग्र स्वरूप में एक ग्लैमरस स्पर्श जोड़ता है, बोल्ड लाल लिपस्टिक नाटकीयता और आकर्षण का संकेत देती है। अपने बालों को झरझरा लहरों में खुला छोड़ते हुए, प्रज्ञा सहजता से अपना चेहरा ढाँक लेती है। अपनी बेबाक शैली और आत्मविश्वासपूर्ण आचरण के माध्यम से, प्रज्ञा अपने शानदार फोटोशूट से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है।

## जान्हवी कपूर ने राम चरण के साथ शुरु की आरसी 16 की शूटिंग

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर और साउथ सुपरस्टार राम चरण की फिल्म आरसी 16 की शूटिंग शुरू हो गई है। तस्वीरों में जान्हवी और राम चरण एक साथ नजर आ रहे हैं। साथ ही राम चरण के पिता व सुपरस्टार चिरंजीवी व फिल्म की पूरी स्टारकास्ट दिखाई दी। जान्हवी और राम चरण की जोड़ी पहली बार स्क्रीन पर दिखाई देगी। फिल्म में जान्हवी का किरदार काफी दमदार होगा। फिल्म का निर्देशन बुच्ची बाबू सना कर रहे हैं। फिल्म में राम चरण का किरदार होगा उससे अभी पर्दा उठना बाकी है । जैसा कि जान्हवी कपूर की फैंस जानते ही है कि 6 मार्च को उनके जन्मदिन के दिन ही फिल्ममेकर्स ने आरसी16 में उनकी मौजूद की घोषणा की थी। तभी से उनके फैंस और भी ज्यादा उत्सुकता होकर फिल्म की नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में अब फिल्म का मुहूर्त हो चुका है। जिसमें



साउथ फिल्मों के कई सितारे अपने परिवार के साथ पहुंचे थे। फिल्म आरसी16 में जान्हवी के साथ रामचरण नजर आने वाले हैं। इसके अलावा मेगास्टार चिरंजीवी को भी इस फिल्म में देखा जाएगा। मशहूर संगीतकार ए आर रहमान भी इस फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। जिसकी वीडियो तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई है।इवेंट में सितारों की मौजूदगी काफी शानदार रही, इस दौरान रामचरण को ट्रेडिशनल लुक में देखा गया। राम धोती और कुर्ते में नजर आए। साथ ही जान्हवी कपूर पूरी तरह से इंडियन रिटायर सिल्वर ब्लू साड़ी में नजर आई।वही बता दे की रामचरण का फिल्म से पहले लुक उनके जन्मदिन 27 मार्च को रिलीज करने की तैयारी है। जिसको लेकर आधिकारिक घोषणा की जा सकती है क्योंकि फिल्म का नाम आरसी16 आधिकारिक नहीं बल्कि अस्थाई नाम है।

# अपने ही बयानबाजी में घिरे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

» मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्री...से कोई नहीं हरा सकता...

» बघेल के इस बयान पर क्यों सीएम बोले- 5 साल हमारी नहीं सुनी

» छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल राजनांदगांव में बाहरी के मुद्दे पर घिर गए हैं। पार्टी के कार्यकर्ता उन पर बाहरी होने का आरोप लगा रहे हैं



**रायपुर,22 मार्च 2024 (ए)।** कांग्रेस के भीतर अंतर्कलह और कार्यकर्ताओं की नाराजगी अब मंचों पर खुलकर सामने आ रही है। सीट बदलने के बाद कांग्रेसी नेता घिर रहे हैं। राजनांदगांव की सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ही बाहरी प्रत्याशी होने का आरोप लगा दिया।

कांग्रेस के भीतर उपजे इस अंतर्कलह के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्स पर लिखा है कि जो अपने दरी उठाने वाले कार्यकर्ताओं के नहीं हो सके, वे जनता के क्या होंगे। इस मामले पर मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम को सवालों के घेरे में खड़ा किया है। इससे पहले भूपेश बघेल ने राजनांदगांव की चुनावी सभा में कहा था कि मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री तो क्या नंबर-1 व नंबर-2 भी आ जाए कांग्रेस को राजनांदगांव से कोई हरा नहीं सकता।

### बाहरी चेहरों पर बढ़ी नाराजगी

राजनीतिक हालातों पर गौर करें तो कांग्रेस का सीट बदलने का फार्मूला ज्यादा कारगर होता दिखाई नहीं दे रहा है। दो दिन पहले राजनांदगांव में कार्यकर्ता द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री पर उंगली उठाई गई।

कांग्रेस ने राजनांदगांव में स्थानीय नेता को प्रत्याशी नहीं बनाया, जबकि बिलासपुर व कांकेर में भी दूसरे संसदीय क्षेत्र से कांग्रेसी नेता को टिकट देने की चर्चा हैं। ऐसे में राजनांदगांव की आग दूसरे संसदीय क्षेत्रों तक फैलने की आशंका जताई जा रही है।

### बिलासपुर में कांग्रेस कैसे निकालेगी भाजपा का तोड़?

बिलासपुर में भाजपा के ओबीसी प्रत्याशी से मुकाबले के लिए कांग्रेस के सामने भी ओबीसी प्रत्याशी खड़ा करने की चुनौती बनी हुई है। यहां भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव के नाम की चर्चा काफी पहले से शुरू हो चुकी है।

### भूपेश बघेल पर सीएम साय ने साधा निशाना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए एक्स पर लिखा कि वो अपने अंहकार में कहते रह गए, मैं हूं तो भरोसा है। उनके कार्यकर्ता उनके मुंह पर ही कह रहे हैं, पांच साल हमारी सुनी ही नहीं गई।

छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता ने उनके धोखे को पहले ही पहचान लिया था और मोदी की गारंटी पर विश्वास अटूट रहा। जो अपने दरी उठाने वाले कार्यकर्ताओं के नहीं हुए वे जनता के क्या होंगे।

### कांग्रेस को कोई हरा नहीं सकता: भूपेश बघेल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक्स पर लिखा था कि यदि कांग्रेस के साथी अपनी पूरी ताकत से लोकसभा चुनावों के लिए जुट जाए तो यहां मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री तो क्या नंबर-1 और नंबर-2 भी आ जाएं तो कांग्रेस को कोई हरा नहीं सकता।

## कांग्रेस का हाथ छोड़ कमल थाम रहे नेता

कांग्रेस के भीतर अंतर्कलह साफ तौर पर उजागर हो रही है। नाराज कार्यकर्ता, लेटर बम के साथ-साथ पाला बदलने में देरी नहीं कर रहे हैं। 15 दिनों के भीतर 3,000 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, रायगढ़, कोरबा, बस्तर आदि संसदीय क्षेत्रों के अलग-अलग कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर कमल का हाथ थामा है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीएसपी ने छत्तीसगढ़ की दो लोकसभा सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार




#### जांजगीर चांपा से डॉ. रोहित डहरिया को मौका

**रायपुर,22 मार्च 2024 (ए)।** आगामी 19 अप्रैल से होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बहुजन समाज पार्टी ने छत्तीसगढ़ की दो सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है।जारी सूची में जांजगीर चांपा से डॉ. रोहित डहरिया को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं बस्तर से आयतुराम मंडावी को मौका दिया गया है। यह सूची बसपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने जारी की है।

### छत्तीसगढ़ पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित




#### सफल हुए 3597 परीक्षार्थी

**रायपुर,22 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2023 की प्रारंभिक परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इस परीक्षा में कुल 3,597 परीक्षार्थी सफल रहे हैं, जो मुख्य परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। राज्य लोक सेवा आयोग ने 17 सेवाओं के लिए कुल 242 पदों के लिए 11 फरवरी 2024 को प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की थी। इस परीक्षा में निर्धारित पदों के मुकाबले 15 गुना अभ्यर्थियों का चिन्हांकन किया गया है। इस तरह कुल 3,597 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए पात्र पाया गया है। राज्य लोक सेवा आयोग के अनुसार अब मुख्य परीक्षा 24, 25, 26 तथा 27 जून 2024 को आयोजित की जाएगी। इसके लिए प्रारंभिक परीक्षा में चिन्हित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

## भूपेश बघेल स्पष्ट करें,क्या आप कांग्रेस को आतंकवादी संगठन मानते हैं: केदार कश्यप

### अपने कार्यकर्ताओं को स्लीपर सेल बोलकर फंसे भूपेश बघेल

**रायपुर,22 मार्च 2024(ए)।** वन मंत्री कश्यप ने कहा कि 'स्लीपर सेल' शब्द का प्रयोग आतंकवादी संस्थाओं से जुड़े लोगों के लिए किया जाता है। अब बघेल को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वह क्या कांग्रेस को आतंकी संगठन मानते हैं? कश्यप ने कहा कि अफजल गुरु को 'जी' कहकर संबोधित करने वाले, आतंकवादियों का साथ खड़े दिखाई देने वाले कांग्रेस के नेता अब अपने कार्यकर्ताओं को भी उसी प्रकार स्लीपर सेल की संज्ञा दे रहे हैं, यह बड़ा दुर्भाग्य है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि चुनाव में कांग्रेस की खस्ता हालत और संगठन में हो रहे अपने विरोध से पूर्व



मुख्यमंत्री इतने विचलित हो चले हैं कि अब वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को 'स्लीपर सेल' बताकर खुलेआम अपमानित कर रहे हैं। केदार कश्यप ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने जो कुछ भी अपने कार्यकर्ताओं के बारे में कहा है, वह कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र और कार्यकर्ताओं के प्रति कांग्रेस नेताओं के आचरण का परिचायक है।दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्लीपर सेल बताकर अपनी उस खीझ को जगजाहिर किया है, जो राजनांदगाँव के कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र दाऊ वैष्णव से खरी-खोटी सुनने और प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री अरुण सिसौदिया द्वारा कांग्रेस कोषाध्यक्ष रामगोपाल वर्मा पर प्रदेश कांग्रेस के फंड में 5.89 करोड़ रुपए के घपले का आरोप लगाने से उपजी है, जिसमें कांग्रेस संगठन के भीतर चल रही आर्थिक अनियमितताओं के छींटे बघेल पर भी पड़ते नजर आ रहे हैं। कश्यप ने कहा कि सरकार में रहते कार्यकर्ताओं की घोर उपेक्षा करके भ्रष्टाचार में मशगूल रहे पूर्व मुख्यमंत्री बघेल पार्टी में भी चल रहे घपलों से वाकिफ थे और अब जबकि सारा सच सामने आ रहा है तो बौखलाए पूर्व मुख्यमंत्री बघेल अपने ही कार्यकर्ताओं को स्लीपर सेल बताकर अपमानित कर रहे हैं। कश्यप ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी में ही संभव भी हो सकता है। कहीं-न-कहीं से आतंकवादियों के साथ उनका संबंध हो सकता है और उन संबंधों के आधार पर अपने रिश्ते को निभाते हुए वह अपने ही कार्यकर्ताओं को भी स्लीपर सेल की संज्ञा दे रहे हैं।

वन मंत्री कश्यप ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल की राजनीति अब गर्दिश में जा चुकी है और इसका ताजा प्रमाण यह है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा ने केजरीवाल के बचाव में बयान दिया, लेकिन कभी 'खानदान की आँखों के तारे' रहे भूपेश बघेल पर महादेव एप मामले में अपराध दर्ज होने पर किनारा कर लिया।

## छत्तीसगढ़ में भी शराब घोटाला करने वालों को मिलेगी सजा

### वित्त मंत्री ओपी चौधरी का बयान

**रायपुर,22 मार्च 2024 (ए)।** आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से ही दिल्ली समेत पूरे देश में सियासी हलचल तेज हो गई है। एक तरफ जहां आप और विपक्ष के लोग सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे हैं, तो वहीं भाजपा के लोग इस कार्रवाई को सहीं बता रहे हैं। दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में हुई कार्रवाई अब छत्तीसगढ़



तक पहुंच गई है। आबकारी घोटाला मामले में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का बड़ा बयान सामने आया है।

वित् मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तब 2 हजार करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ। इस शराब घोटाले को तत्कालीन सीएम की शह मिली थी। शराब घोटाले के पैसे से तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कुर्सी बची रही। भूपेश बघेल ढाई साल के बाद भी सीएम के पद पर बने रहे। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि, उन्होंने शराब घोटाले का पैसा गांधी परिवार को पहुंचाया। मंत्री चौधरी ने आगे कहा कि, प्रदेश में शराब घोटाला करने वालों को सजा मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि, महादेव ऐप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर हुई है और ईडी न्यायिक प्रक्रिया के तहत काम कर रही है।

## सचिन पायलट की बैठक में बड़ा फैसला



» रूठों को मनाने घर-घर जाएंगे सीनियर नेता...

» महतारी वंदन की तर्ज पर नारी न्याय योजना का फॉर्म भराएगी कांग्रेस

**रायपुर,22 मार्च 2024 (ए)।** कांग्रेस में फूटते लेटर बम और सार्वजनिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच रूठों को मनाने की कवायद शुरू हो गई है। रूठों को मनाने कांग्रेस के सीनियर नेता उनके घर-घर जाएंगे. इसके लिए प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने बैठक में सख्त निर्देश दिए हैं। बैठक में बड़ा फैसला भी लिया गया। महतारी वंदन योजना की तर्ज पर कांग्रेस नारी न्याय योजना को लेकर फॉर्म भराएगी।

पायलट ने कहा, नारी न्याय योजना के तहत कांग्रेस बीपीएल महिलाओं को 1 लाख रुपए सालाना देगी. इसके लिए प्रदेशभर में अभियान चलाकर फॉर्म भराया जाएगा।

### प्रचार में कोई कमी न होने दें : पायलट

लोकसभा समन्वयकों की बैठक में पायलट ने पूछा कि आपका पसंदीदा प्रचारक कौन है? आपकी पसंद का प्रचारक देंगे. प्रचार में कोई कमी हो तो तुरंत बताएं, जरूरत होगी तो और प्रचारकों को तैनात करेंगे। पायलट ने रुठों को मनाने की जिम्मेदारी सीनियर नेताओं को दी. साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

## भूपेश बघेल के बयान से कांग्रेस नेता नाराज

### गलत है स्लीपर सेल कहना

**रायपुर,22 मार्च 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव से पहले पूर्व सीएम भूपेश बघेल को उन्हीं के कार्यकर्ताओं ने कटघरे पर खड़ा कर दिया है। भूपेश बघेल के खिलाफ एक के बाद एक कई आरोप लग रहे हैं और अब उनकी टिकट काटकर किसी अन्य नेता को राजनांदगांव सीट से उम्मीदवार बनाने की मांग होने लगी है। इस मामले को लेकर सियासत गरमाई हुई है। सियासी सरगर्मी के बीच भूपेश बघेल का स्लीपर सेल वाले बयान पर कांग्रेस नेता ने पलटवार किया। कांग्रेस नेता सुरेंद्र दाउ ने कहा कि बहुत दुख की बात है पूर्व सीएम अपने कार्यकर्ताओं को लेकर ऐसा कह रहे हैं। पूर्व सीएम ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को स्लीपर सेल कहा, जो कि गलत है। कांग्रेस पार्टी के लिए दिन रात काम किया है। पूर्व सीएम दुर्ग से आकर राजनादगांव के कार्यकर्ताओं को स्लीपर सेल कह रहे हैं, तो दुर्ग के कार्यकर्ताओं को लाकर चुनाव लड़ लें।

## आचार संहिता में तहसीलदारों के तबादला पर जबाब मांगा

**रायपुर,22 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। वर्तमान में अब स्थानांतरण, नवीन पदस्थापना आदि पर रोक लगी हुई है। इसके बाद भी राज्य में कुछ कलेक्टरों ने चुनाव तिथि घोषित होने के बाद भी अपने जिलों में तहसीलदारों का स्थानांतरण किया। सूत्रों का कहना है, राज्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के संज्ञान में ये मामला आया। इसके बाद सीईओ कार्यालय हरकत में आया। सीईओ रीना बाबा कंगाले ने इनमें से एक कलेक्टर को नोटिस भेज आचार संहिता में तहसीलदारों




के ट्रांसफर पर जवाब मांगा है। दुर्ग संभाग के इस जिले के कलेक्टर ने कुछ तहसीलदारों को बदला है।ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ का राज्य निर्वाचन पदाधिकारी कमर कस कर मैदान में उतर गया है। आयोग में अफसरों की शिकायतें पहुंचनी शुरू हो चुकी है। बिलासपुर के असिस्टेंट डायरेक्टर स्कूल एजुकेशन प्रशांत राय के खिलाफ शिकायत पर एडिशनल सीईओ नीलेश छीरसागर ने स्कूल शिक्षा सचिव से रिपार्ट मांगी है। उधर, सीईओ रीना बाबा लगातार बैठकें कर चुनावी तैयारियों का रिव्यू कर रही हैं।

## नक्सलियों को विस्फोटक पहुंचाने वाले पकड़ाये



**नारायणपुर,22 मार्च 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में पुलिस ने नक्सलियों को विस्फोटक सामग्री पहुंचाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक महिला व पुरुष हैं जो कि ताबीज व रुद्राक्ष माला आदि बेच रहे थे। संदेह होने पर पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो 4 बोरों में विस्फोअक मिले। दोनों ने बताया कि यह विस्फोटक वे नक्सलियों को पहुंचाते हैं। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तारापुर के पास रवि मरकाम 45 वर्ष विखण्डनगंज थाना उमरिया व चमेली बाई 35 वर्ष निवासी पन्न छतरपुर मध्यप्रदेश ताबीज, माला के साथ ही रुद्राक्ष आदि को बेच रहे थे। इन्हें देखने के बाद स्थानीय लोगों को इनकी गतिविधि संदिग्ध लगी। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के सामान जांचे। इस दौरान उनके पास रखे 6 बोरों में विस्फोटक सामग्री मिली। दोनों ने पूछताछ में बताया कि वे ताबीज, माला, रुद्राक्ष आदि को बेचने के साथ ही कुछ वर्षों से नक्सलियों को विस्फोटक सामान सप्लाई कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने विस्फोटक जब्त कर दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

## मौसम विभाग ने बारिश को लेकर फिर अलर्ट जारी किया



**रायपुर,22 मार्च 2024 (ए)।** प्रदेश में एक बार फिर मौसम में बदलाव आने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले कुछ दिनों में फिर झमाझम बारिश हो सकती है । प्रदेश में तेज आंधी तूफान चलने की आशंका भी जताई गई है। इससे पहले मौसम विभाग ने 16 से 20 मार्च तक पांच दिनों का अलर्ट जारी किया था। इस दौरान प्रदेश के जिलों मे ओले के साथ बारिश भी हुई थी। मौसम विभाग ने रायपुर, बेमेतरा, दुर्ग, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, बालोद, कांकेर, बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ जिले के कुछ क्षेत्रों में तेज आंधी चलने की संभावना जताई है।

### इन जिलों में हो सकती है बारिश

वहीं मौसम विभाग ने बलौदाबाजार, महासमुंद, रायपुर, गरियाबंद, धमतरी, कोंडागांव, कांकेर, बालोद, दुर्ग, बेमेतरा, रायपुर, लरामपुर, सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, जांजगीर, मुंगेली, बिलासपुर, कोरबा, कोरिया, कबीर धाम समेत कई अन्य क्षेत्रों में भी तेज आंधी तूफान के साथ बारिश होने की संभावना जताई हैं।

मौसम में बदलाव होने के चलते रात के तापमान में कमी आई है, लेकिन दिन में गर्मी की मार लोगों को झेलनी पड़ रही है।

### छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही बारिश

छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज लगातार बदला हुआ है। पिछले तीन-चार दिनों से लगातार बारिश हो रही है तो छत्तीसगढ़ के गौरेला, पेंड्रा, मरवाही समेत कई जिलों में आंधी-बारिश के साथ जमकर ओले भी गिरे हैं। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेंहू, सब्जी और आम की पैदावार प्रभावित होने की संभावना है। बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन बेमौसम बरसात से किसानों को परेशानी में डाल दिया है। अचानक ओले गिरने से बड़ी संख्या में पक्षियों की भी मौत हुई है।

## डीआरजी जवानों पर आदिवासियों को पीटने का आरोप

**नारायणपुर,22 मार्च 2024 (ए)।** जिले के अबूझमाड़ में एक बार फिर आदिवासियों ने पुलिस के डीआरजी जवानों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। कोंगे पांगुर इलाके में 20 मार्च की सुबह आदिवासी युवक सनकेर मेट्टामी छिंद का पत्ता तोड़ने के लिए जंगल जा रहा था। वहां पहले से ही डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड यानी डीआरजी के



जवान मौजूद थे। उन्होंने सनकेर मेट्टामी को पकड़ लिया और उसका हाथ बांध दिया। इस बीच सनकेर मेट्टामी के मुंह में पत्ते ठूंसने की कोशिश की गई ताकि वह जंगल में शोर ना मचा सकें।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सनकेर मेट्टामी की पत्नी मिंगरी बाई जब अपने पति को छोड़ने की गुहार लगाने पहुंची तो डीआरजी जवानों ने उसकी भी पिटाई कर दी। जंगल में मारपीट के बीच पांगुर गांव की महिलाएं भी वहां पहुंच गई। उन्होंने भी आदिवासी युवक को पकड़ने का विरोध किया और जवानों से कारण पूछा तब उनकी भी पिटाई की गई। इस मारपीट का शिकार हुई जिम्मी बाई, बुली बाई नुरोटी और मर्रे बाई मेट्टामी ने कहा कि डीआरजी जवानों ने बिना कारण उनके साथ मारपीट की है। हालांकि ग्रामीणों के विरोध के चलते पुलिस ने सनकेर मेट्टामी को जंगल में ही छोड़ दिया और आगे बढ़ गए। सनकेर मेट्टामी के तीन बच्चे है और वह जंगल से मिलने वाले वनोपज से अपना परिवार का भरण पोषण करता है। इन आदिवासियों की आजीविका जंगल से मिलने वाले वनोपज से ही चलती है।

## नकली शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश

**मुंगेली ,22 मार्च 2024(ए)।** मुंगेली पुलिस की संयुक्त टीम ने नकली शराब बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्य में संलिप्त पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है । उनके पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब और नकली शराब बनाने में प्रयुक्त सामान भी बरामद किया है।



पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गिरोह के सदस्य शासकीय देसी प्लेन मदिरा जैसी ही नकली शराब बनाकर बेचने का काम कर रहे थे । फैक्ट्री से जब्त शराब की रैपर हू-ब-हू शासकीय मदिरा दुकानों में बेचे जाने वाली देसी शराब की तरह हैं । पुलिस को ग्राम घुठेली के तालाब के समीप पूर्व में शराब भट्ठी में काम करने वाला जाकिर खान के घुठेली गांव के नारायण राजपूत के सहयोग से अपने साथियों के साथ मिलकर शासकीय दुकान में बेची जाने वाली देसी प्लेन शराब की तरह शराब बनाकर बेचने की सूचना मिली। मौके पर दबिश के दौरान नारायण राजपूत पिता कमलेश (27 वर्ष) और उत्तर प्रदेश के हमीरपुर निवासी जाकिर खान पिता कादर खान (48 वर्ष) के साथ उत्तर प्रदेश निवासी सुरेंद्र कुमार सिंह पिता रतन (24 वर्ष), महेंद्र वर्मा पिता उमेश वर्मा (20 वर्ष) और मध्यप्रदेश निवासी राजेंद्र खंडकर पिता लल्लू खंडकर (19 वर्ष) को अवैध रूप से देसी प्लेन शराब बनाते हुए हिरासत में लिया ।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)